

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं


*स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, एजेंसियों विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

### अवकाश

*इस अवसर पर 15 अगस्त शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 17 अगस्त रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

### अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर की कार बस से टकराई



**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर का एक एक्सीडेंट हो गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना तब घटी जब उनकी कार एक सिटी बस से टकरा गई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लंबा नोट लिखकर अपने फैन्स के साथ यह घटना साझा की। अभिनेत्री ने अपना अनुभव ऑनलाइन साझा किया। उन्होंने मुंबई पुलिस का मदद के लिए धन्यवाद भी किया।

## मुख्यमंत्री ने कहा- रामेश्वर की तिरंगा यात्रा में दिखा देशभक्ति का जुनून

# कोलार से निकली सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा

**32 किमी लंबी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए करीब एक लाख लोग**

मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष और विधायक ने खुली जीप में सवार होकर लहराया तिरंगा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में भोपाल में निकली चार तिरंगा यात्राएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार से लेकर बैरागढ़ तक निकाली गई राजधानी की सबसे लंबी 32 किमी तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का सैलाब देखने को मिला। कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित 50 हजार बाइक पर सवार एक लाख देशभक्त शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रामेश्वर शर्मा की तिरंगा यात्रा में उमड़े देशभक्तों के जनसैलाब से मैं अभिभूत हूं। मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा की तारीफ करते हुए कहा कि मैं आ रहा था तब मैंने देखा कि रामेश्वर की विधानसभा में अलग ही माहौल बना हुआ है।

बोट क्लब पर हुआ जल तिरंगा यात्रा का रोमांचक आयोजन

## बड़ी झील कश्मीर की डल लेक से कम नहीं इसे और विकसित किया जाएगाः डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री निवास, बोट क्लब, कोलार रोड और शौर्य स्मारक की यात्राओं से तिरंगामयी हुई राजधानी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल की बड़ी झील, कश्मीर की डल लेक से कम नहीं है इसका और अधिक विकास किया जाएगा। यहां पर्यटन विभाग के सहयोग से शिकारे भी संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स सहित सभी प्रमुख खेलों में ओलंपिक और कॉमनवेल्थ जैसी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश के लिए अधिक से अधिक पदक लाने के उद्देश्य से राज्य में खेल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में जारी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भोपाल के बड़े तालाब के बोट क्लब से निकाली गई जल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे।

### जबलपुर: नर्मदा नदी की गोद में तिरंगा लेकर दिखाया तैराकी का पराक्रम



## देशभक्ति के रंग में रंगा मां नर्मदा का तट, भारत माता की जय के लगे नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को नर्मदा की गोद में तिरंगा लेकर तैराकी का पराक्रम देखने को मिला। मां नर्मदा का तट देशभक्ति के रंग में रंग गया।

बड़ी संख्या में लोगों ने नर्मदा नदी में तैरते हुए 10 किलोमीटर की अखंड भारत संकल्प तिरंगा तैराकी यात्रा निकाली। तैराकों ने गिलहरी घाट से तिलवारा घाट तक लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी की।

### 20 साल से आयोजित हो रहा आयोजन

*इस यात्रा में हर उम्र के लोगों ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि 6 साल की प्रज्ञा भदौरिया भी इस यात्रा में शामिल हुईं। प्रज्ञा ने न सिर्फ तैरकर यह यात्रा पूरी की, बल्कि इतनी कम उम्र में ऐसा साहस दिखाकर सबको हैरान कर दिया। प्रज्ञा को लंबे समय से नर्मदा नदी में तैरने का अभ्यास कराया जा रहा था यह अखंड भारत यात्रा पिछले 20 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है।*








सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एड. आशीष त्रिपाठी (सचिव मानव अधिकार एवं
अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर)


सभी देश एवं प्रदेशवासियों को 78 वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
अपील-सभी एक पौधा लगाकर
हरियाली बढ़ाएं और उसे बचाएं।
रजत भार्गव
अध्यक्ष
नयागांव को-ऑपरेटिव हाउसिंग
सोसाइटी एवं समाजसेवी


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एड. भावना निगम (महिला विंग अध्यक्ष मानव अधिकार एवं
अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर)


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
माननीय सुंदर अग्रवाल जी
(वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाज सेवी) जबलपुर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष मानव अधिकार एवं
अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर)


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
METRO HOSPITAL
BADERIA METROPRIME
Multi Speciality Hospital
Rajeev baderia
MD, Baderia
Metroprime Hospital
Bus stand, kuchaini parisar, Damoh Naka,
Nr Kchetriya, Transport Nagar, Jabalpur, Madhya Pradesh 482002


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
SMHRC Swastik
SWASTIK
MULTISPECIALITY HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
K.K. Sahu
Director
Swastik Hospital Jabalpur
INFRONT OF INTERSTATE BUS TERMINAL
NEAR DEEN DAYAL CHOWK, JABALPUR (M.P.)
Ph. 07612640638, 2640639, 8461884444, 8462884444
E-mail: swastikhospital.jbp@gmail.com



श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ (रजि.) भारत
एवं समस्त ब्राह्मण संगठनों
एवं विप्र बंधुओं की ओर से
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अरुण मिश्रा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
(नियुक्ति समिति)
पं. यदुवंश मिश्रा
(संभागीय अध्यक्ष)
पं. दीपांशु शुक्ला
(जिला प्रवक्ता)


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बाबा भीमराव आम्बेडकर
उपभोक्ता भंडार
प्रिंटिंग आइटम्स, बाइंडिंग एवं
खेलकूद सामग्री, स्टेशनरी,
जनरल एवं गवर्नमेंट आईर
सप्लायर।
62, खेरमाई वार्ड, हनुमानताल थाना के
पीछे, मानतलैया, जबलपुर (म.प्र.)


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. राजकुमार पटेल
जिला ग्रामीण अध्यक्ष भाजपा, जबलपुर
मा. नीरज सिंह लोधी
विधायक बरगी विधानसभा, जबलपुर
ओमनारायन दुबे
विधायक प्रतिनिधि-भेड़ाघाट


सभी देशवासियों
को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवेश प्रारंभ
यश नर्सरी
हा.से. स्कूल
आधारताल/गोहलपुर जबलपुर
डॉ. विजयकांत तिवारी
डायरेक्टर
श्रीमति सोनल तिवारी
प्राचार्या
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास, अधारताल, मो: 7987974850, 6263988587
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर मो: 9111009016


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्राचार्य-श्री गुरू तेग बहादुर खालसा
महाविद्यालय, महानद्दा, जबलपुर
अध्यक्ष-श्री गुरू नानक कन्या शाला
प्रेम नगर जबलपुर
डॉ. आर.एस. चंडोक


15TH AUGUST
Happy
INDEPENDENCE
Day
इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी
IPAP
डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुले हॉस्पिटल
24 घंटे
इमरजेंसी
सुविधा उपलब्ध
मल्टीस्पेशलिटी
हॉस्पिटल
इमरजेंसी
हेल्पलाईन
नं. 9300103983
सुले हॉस्पिटल रामपुर रेलवे क्रासिंग के
सामने रामपुर जबलपुर फो.नं. 0761-2661118

जबलपुर
शुक्रवार, 15 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-06
वर्ष : 20, अंक : 107
पृष्ठ : 2+2+4+4=12 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 31
न्यून. 24
हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
haribhoomi.com

रजत-सूप में विराजमान हो अभिषेक स्थल पर पधारेंगे चल श्रीविग्रह

# रजत-कमल पुष्प में होगा श्रीकृष्ण का 'प्राकट्य'

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल**



### स्वर्ण मंडित रजत कामधेनु स्वरूपा दिव्य गो प्रतिमा करेंगी ठाकुरजी का प्रथम अभिषेक | श्रीकृष्ण-जन्मस्थान में श्रद्धालुओं का प्रवेश रात्रि 1:30 बजे तक होगा

डॉ. कमलकांत उपमन्यु ⏭ मथुरा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भादौ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। श्रीकृष्ण जन्मभूमि सहित जनपद के अधिकतर मंदिरों एवं घरों में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी। जन्मभूमि पर भगवान श्रीकृष्ण का परम पुनीत जन्मोत्सव भाद्रपद कृष्ण अष्टमी 16 अगस्त को मनाया जाएगा। श्री कृष्ण जन्म स्थान संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने 'हरिभूमि' को बताया कि जन्म महाभिषेक का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 11 बजे श्रीगणेश-नवग्रह आदि पूजन से आरंभ होगा।

### भगवान के जन्म की महाआरती रात्रि 12:10 बजे तक चलेगी




*रजत कमल पुष्प में विराजित श्रीठाकुर का जन्म महाभिषेक रात्रि 12:25 बजे से 12:40बजे तक होगा। ठाकुरजी की श्रंगार आरती रात्रि 12:45 बजे से 12:50 बजे तक होगी एवं श्रीकृष्ण-जन्मस्थान में श्रद्धालुओं का प्रवेश रात्रि 1:30 बजे तक होगा। ब्रज के उत्कृष्ट गायक इस अवसर पर ठाकुरजी के सम्मुख दिव्य भजन-गायन की प्रस्तुति देंगे। असंख्य भक्तजन-संत एवं भगवान के जन्म की महाआरती शुरू होगी जो रात्रि 12:10 बजे तक चलेगी। ढोल एवं मृदंग अभिषेक स्थल पर तो बजेंगे ही साथ-ही संपूर्ण मंदिर परिसर में स्थान-स्थान पर भी इनका वादन होगा।*

### 43 मिनट तक रहेगा जन्माष्टमी शुभ मुहूर्त

**भोपाल।** मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 15 अगस्त रात 11:49 बजे शुरू होगा। 16 अगस्त की रात 9:34 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के तहत 16 अगस्त को जन्माष्टमी व्रत व पूजन की जा सकेगी। इस साल पूजा का शुभ मुहूर्त शनिवार देर रात 11:59 से 12:43 बजे तक रहेगा। ऐसे में पूजा का शुभ मुर्हूत 43 मिनट तक रहेगा।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में लागू होगी सख्त तलाशी नीति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षाओं में स्मार्ट डिवाइस के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने अपनी 141वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में तय किया कि बोर्ड परीक्षाओं में सख्त फ्रिस्किंग (तलाशी) पॉलिसी के तहत परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले छात्रों की तलाशी ली जाएगी। किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक, स्मार्ट उपकरण या अनधिकृत सामान परीक्षा कक्ष में ले जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। ये व्यवस्थाएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं से ही लागू होंगी। बैठक में बोर्ड अधिकारियों ने माना कि हाल के वर्षों में नकल और तकनीकी उपकरणों के जरिये अनुचित साधनों का उपयोग बढ़ा है। केंद्रों पर प्रवेश से पहले विस्तृत तलाशी प्रक्रिया अपनाई जरूरी है।



मप्र पुलिस की नवीन आपातकालीन सेवा डायल 112 का किया शुभारंभ

# सीएमः अवैध और गैर-कानूनी गतिविधियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को खुली छूट



पूरे प्रदेश में दौड़ेंगी नई डायल 112 की 1200 एफआरवी (फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल)

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पुलिस के जवानों और अधिकारियों ने कई चुनौतीपूर्ण अवसरों पर विश्वास कायम रखा है। अवैध और गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को राज्य सरकार से पूरी छूट मिली हुई है। पुलिस को जितने जवान चाहिए सरकार उसके लिए तैयार है। देशी विरोध ताकतों और नक्सलवाद को बख्शा नहीं जाएगा।

◆ *सीएम ने कहा कि यह आपातकालीन नंबर सुरक्षित समाज के ईको सिस्टम का आधार बनेगा। यह नंबर प्रदेशवासियों के लिए पुलिस की ओर से त्वरित प्रतिक्रिया का वादा और सहायता की जिम्मेदारी सिद्ध होगा*



◀ सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर किया फ्लैग ऑफ, झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना
◀ एफआरवी (फस्ट रिस्पांस व्हीकल) वाहनों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया

### डीजीपी बोले - डायल 112 सेवा से नागरिकों को हर संभव सहायता

डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि डायल 112 के लोकार्पण का यह ऐतिहासिक दिन है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 2015 के अवसर पर राज्य में डायल 100 व्यवस्था लागू की गई थी, हमारे एक हजार डायल 100 वाहनों के माध्यम से लाखों नागरिकों की सहायता की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डायल 112 वाहनों की संख्या में 200 वाहन बढ़वाए हैं। आज कुल 1200 फर्स्ट रेस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) वाहनों का फ्लैग ऑफ हो रहा है।

### डायल 112 देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाएगी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के डायल 100 के मॉडल को उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों ने अपनाया। डायल 100 ने अपनी सजगता और दक्षता से प्रदेश में 2 लाख 23 हजार बुजुर्ग, 19 लाख से अधिक महिलाओं, 1300 नवजातों की सुरक्षा और 23 हजार गुमशुदा बच्चों को परिवार से मिलाया है। यह मध्यप्रदेश पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। लॉन्च हुई डायल 112 सेवा देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाएगी। डायल 112 सेवा नागरिकों को कई प्रकार की आपातकालीन परिस्थितियों में हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। राज्य सरकार ने इन वाहनों के लिए बजट बढ़ाकर 1500 करोड़ रूपए से अधिक किया है। राज्य सरकार के लिए प्रदेशवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मध्यप्रदेश पुलिस सुरक्षा मानकों के पैमाने पर खरी उतरी है। पुलिस विभाग में नई नियुक्तियां की गई हैं और जवानों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनका दक्षता उन्नयन कराया गया है।*

यह सभी वाहन मालिकों के लिए अनिवार्य नहीं

# वार्षिक फास्टैग के जरिए आज से महज 15 रुपए में टोल बूथ 'पार' कर सकेंगे



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की वार्षिक फास्टैग पास योजना आज शुक्रवार यानी 15 अगस्त से लागू हो जाएगी। इस पास की कीमत 3000 रुपए रखी गई है, जिसमें 200 यात्राएं शामिल होंगी। एक यात्रा का मतलब एक बार टोल प्लाजा पार करना है। यानी प्रति टोल खर्च सिर्फ 15 रुपए ही खर्च होंगे। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने टोल ऑपरेटर कंपनियों और क्षेत्रीय अधिकारियों (आरओ) योजना से संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं।

### दंपती पर धोखाधड़ी का लगा आरोप

# अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी पर 60 करोड़ की ठगी का केस दर्ज




**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके कारोबारी पति राज कुंद्रा पर एक बड़े धोखाधड़ी का आरोप लगा है। मुंबई के एक कारोबारी ने इन दोनों पर 60.4 करोड़ रुपए की ठगी का इल्जाम लगाया है। यह मामला उनकी अब बंद हो चुकी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है।



चिंतन

# भारत को सामरिक-आर्थिक ताकत बनाने का लें संकल्प

आज जब भारत अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, तो वह एक आत्मविश्वास से भरा हुआ राष्ट्र है, आर्थिक व सामरिक महाशक्ति है, विश्व में सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश है, सैन्य रूप से शक्तिशाली है, दुश्मनों को करारा जवाब देता है, सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकल चुका है, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने देखा, इससे पहले वह सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक को अंजाम दे चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वर्ष 1947 में आजादी हासिल के बाद से अपनी 78 वर्ष की यात्रा में भारत ने विभिन्न क्षेत्र में प्रगति के अनेक कीर्तिमान रचे हैं। अंतरिक्ष, डिजिटल, ऑटो मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस विनिर्माण, विमानन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पेट्रो केमिकल्स, रेलवे व हाई स्पीड ट्रेन, मेट्रो, इंजीनियरिंग, हेल्थ, एजुकेशन विज्ञान व प्रौद्योगिकी आदि सेक्टर हैं, जिनमें भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि और पशुपालन क्षेत्र में भी आज भारत एक प्रमुख वैश्विक ताकत है। अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर है, सौ से अधिक देशों को वह अनाज का निर्यात करता है। दुग्ध उत्पादन में वह सिरमौर है, दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विविधताओं के बावजूद भारत आज एक मजबूत समावेशी राष्ट्र है, जहां अनेकता में एकता और अखंडता का भाव बुलंद है। आज जब दुनिया में युद्ध, क्षेत्रीय संघर्ष और वर्चस्व की जंग तेज है, अमेरिकी टैरिफ वार से उथलपुथल मचा हुआ है, भारत स्थिर है। जीडीपी दर सबसे तेज है और विश्व को शांति का पैगाम दे रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में एक समर्थ व समृद्ध भारत की तस्वीर पेश की है। सरकार एवं सशस्त्र बलों के फौलादी संकल्प की बदौलत भारत ने आतंकवाद का हमेशा करारा जवाब दिया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में समस्याओं के बावजूद भारत पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण है और निर्यात बढ़ रहा है। भारत, 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है। सभी प्रमुख संकेतक, अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। भारत ने पिछले दस वर्ष में गरीबी कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। प्रति व्यक्ति आय में इजाफा हुआ है। हालांकि देश के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अमेरिकी टैरिफ वार के प्रभाव से निपटना है, विकास के मामेंटम को बनाए रखना है। डिजिटेक, हरित ऊर्जा, हेल्थ और एजुकेशन में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की जरूरत है, जिसमें विनिर्माण की मजबूती के साथ सेवा क्षेत्र में विस्तार की आवश्यकता है। भारत को भविष्य की इकोनॉमी पर फोकस करना होगा। आज जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे, तो निश्चित रूप से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करेंगे, भारत के विकास व चुनौतियों पर बात करेंगे, लेकिन अब भारत को व्यवस्थागत परिवर्तन की दिशा में बढ़ने की जरूरत है, जिसमें प्रशासनिक, राजनीतिक, न्यायिक और पुलिस सुधार हो, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े निवेश के साथ क्रांतिकारी बदलाव हों, उच्च प्रौद्योगिकी व डिफेंस टेक के साथ अजेय व अभेद्य सामरिक ताकत बनने पर जोर हो। गुटनिरपेक्ष व स्वतंत्र विदेश नीति के साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा कायम रहे, अमेरिका का सबक भारत के सामने है।



आजादी की लड़ाई
निरंकार सिंह

# 1857 से पहले ही स्वतंत्रता संग्राम

सन् 1857 के विद्रोह को 'स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम' कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे।

भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों और घटनाओं की एक शृंखला थी जिसका अंतिम उद्देश्य भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करना था। यद्यपि सन् 1857 के विद्रोह को 'स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम' कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। भारत में अंग्रेज व्यापारियों के रूप में आए थे, जो भारत की असाधारण संपदा से आकर्षित थे, जो यूनानी काल से ही पश्चिम में प्रसिद्ध थी। वे भारत पहुंचे तो देखा कि विशाल मुगल साम्राज्य का प्रभुत्व भारत पर था, जिसकी स्थापना 16वीं शताब्दी में विजेता बाबर ने की थी और जो अब उपमहाद्वीप के अधिकांश भाग पर शासन करता था।

1613 में मुगल बादशाह जहांगीर ने अंग्रेजों को गुजरात के सूरत में एक व्यापारिक चौकी स्थापित करने की अनुमति दी, जो भारत में अंग्रेजों का पहला पैर जमाने का स्थान बना। अगली शताब्दी में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने अतिरिक्त व्यापारिक चौकियां स्थापित कीं और धीरे-धीरे पूरे उपमहाद्वीप में अपना आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया। 1707 में सम्राट औरंगजेब की मृत्यु के बाद, मुगल साम्राज्य तेजी से पतन के दौर में प्रवेश कर गया, जिससे मराठों, सिखों और उत्तरी राजपूत सरदारों सहित विभिन्न क्षेत्रीय शक्तियों को अपनी संप्रभुता स्थापित करने का अवसर मिला। 18वीं शताब्दी के मध्य तक, उपमहाद्वीप में एक भी प्रमुख शक्ति नहीं बची थी, जिससे यह क्षेत्र औपनिवेशिक महत्वाकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील हो गया। 1757 में प्लासी की लड़ाई, ब्रिटेन और फ्रांस के बीच चले सात साल के युद्ध का हिस्सा थी। यह भारत पर ब्रिटिश विजय में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी स्थिति को तेजी से मजबूत किया था और अब देशी शासकों द्वारा इसे एक गंभीर खतरा माना जाता था। बंगाल के नवाब, सिराज-उल-दौला, फ्रांस के साथ गठबंधन के पक्ष में थे। वे पहले कंपनी के व्यापारिक पदों पर हमला कर चुके थे। पर नवाब के सेनापति मीर जाफर ने प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला के साथ विश्वासघात किया, जिससे अंग्रेजों को बंगाल पर नियंत्रण हासिल करने में मदद मिली। मीर जाफर को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल का नवाब बनाया था। इस महत्वपूर्ण जीत ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में एकमात्र व्यापारिक उपस्थिति से एक सैन्य और राजनीतिक शक्ति में बदल दिया। इसके बाद भी बक्सर के युद्ध (1764) के साथ बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। सशस्त्र संघर्ष को अंजाम देने के लिए 13 जनवरी 1799 की शाम तक 12,837 सैनिकों की भीड़ जुटाई गयी। ऐसा करने के लिए उपलब्ध समय की कमी को ध्यान में रखते हुए उस दिन इतने सारे व्यक्तियों का जमा हो जाना सराहनीय था। एक पखवाड़े से भी कम समय की तैयारी के आधार पर बनारस शहर और घाटों के लगभग सभी हिस्सों में जमींदारों और उनके लोगों ने इस प्रतिरोध में जिस उत्साह से भागीदारी की थी, वह प्रशंसा का विषय है और हर तरह से कुछ करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस प्रकार प्रतिरोध का यह चरण अच्छी तरह से योजनाबद्ध और संगठित था। इस तथ्य के बावजूद कि अंग्रेजों की सभी गतिविधियों पर संदिग्ध निगाहें थीं।



अंग्रेज पहले से ही जमान शाह के आसन्न आक्रमण के कारण अपनी सभी सैन्य तैयारियों के साथ सतर्क थे। फिर भी उन्हें वास्तव में विद्रोह की रूपरेखा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यह स्थापित करता है कि कैसे गुप्त रूप से सुनियोजित और संगठित चीजें उन सभी लोगों द्वारा की जा रही थीं जो इसका हिस्सा थे। एर्स्किन के लिए माधव दास गार्डन पर हमला करना आसान नहीं था, जो अन्ततः पूरे ऑपरेशन में 'सुनियोजित गोलीबारी' का सामना करके एक लम्बी और निरन्तर लड़ाई के बाद ही प्राप्त किया जा सकता था। बार-बार उसे सैनिकों के संगठित दलों के हमलों से निपटना पड़ा। कई मौकों पर वे बहुत करीब से भी टकराये। इस संघर्ष में चार अंग्रेज अधिकारी मारे गये लेकिन साधारण सैनिकों के मारे जाने की संख्या का कहीं उल्लेख नहीं मिलता है। इन मारे गये अंग्रेज अधिकारियों की कब्रें वाराणसी के कैंट क्षेत्र में मकबूल आलम रोड के किनारे इसाइयों के कब्रिस्तान में बनी हुई है। इस कब्रगाह पर मारे गये अंग्रेज अधिकारियों के साथ इनको मारने वाले वजीर अली का भी नाम लिखा है जो जगत सिंह के सहयोगी थे। यह सब उन लोगों की बहादुरी और साहस को दर्शाता है जो अपनी जान की परवाह किये बिना वहां लड़ रहे थे। हालांकि दोनों ओर से कुल कितने लोग मारे गये, अब तक इसका कोई प्रमाणिक विवरण नहीं मिल पाया है। इस बारे में अनुमान है कि हजारों लोग मारे गये होंगे। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। प्रतिरोध की विफलता का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण इसका त्वरित दमन था जो बनारस के आसपास के क्षेत्र में तैनात तोपखाने और भारी गोला-बारूद से लैस एक बड़ी सेना की उपस्थिति के कारण संभव था। विद्रोहियों की ओर से भी उनकी प्रगति में बाधा डालने का ध्यान रखा गया था, लेकिन इस काम के लिए नियुक्त किए गए लोग मौके पर अनुपस्थित रहे। उन्होंने अपना काम नहीं किया और अंग्रेजी फौज को कहीं भी आसानी से जाने की सुविधा मिल सकी। विशेष रूप से माधव दास बाग के रास्ते में और इसके ठीक सामने उन्हें गोलीबारी की ताकत और विरोधियों की दृढ़ता का स्वाद चखना पड़ा। अगर यह सेना वहां तैनात नहीं होती, तो इस बात की पूरी संभावना थी कि अंग्रेजों के लिए प्रतिरोध के प्रसार को और अधिक खतरनाक स्तर तक रोकना मुश्किल हो जाता। बहरहाल बाबू जगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा बहादुर सिंह, गजराज सिंह, बीजक सिंह प्रथम, रामदयाल, शिवशरण सिंह, लाल सिंह, शिवदेव सिंह, मिर्जा अली, इमाम अली, मिर्जा बेग, हफीजुल्लाह, खैरउद्दीन बेग, मुराद चैन को भी गिरफ्तार करके उन पर विभिन्न आरोपों का लगातार मुकदमा चलाया गया और सजा दी गयी।

बाबू जगत सिंह को अदालत ने 'सजा-ए-मौत' सुनाई। लेकिन निजाम अदालत ने इस सजा को बदलकर उन्हें आजीवन देश निकाला की सजा दी और इसकी पुष्टि के लिए काउंसिल के उपाध्यक्ष को भेज दिया। बनारस से कलकत्ता आने पर बाबू जगत सिंह को 31 अगस्त 1799 को टाउन मेजर द्वारा फोर्ट विलियम में कैद पर लिया गया। अंग्रेजों को बाबू जगत सिंह से इतना खतरा अनुभव हुआ कि उन्हें भारत के किसी हिस्से में कैद रखना सुरक्षित नहीं लगा। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे। ऐसा दावा डेविस ने किया था। पर वास्तविकता यह बतायी जाती है कि विदेश की जगह उन्होंने अपने देश की भूमि पर ही देह त्यागने के संकल्प के साथ हुगली नदी में जल समाधि ले ली क्योंकि हिरासत में जहर मिलना संभव नहीं था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
शिवप्रकाश



# हर देशवासी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए 'विकसित भारत'

देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता का उत्सव उत्साह के साथ मना रहा है। 15 अगस्त के अपने प्रथम भाषण में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि भारत पुनः स्वयं को खोज रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर आंख से आंसू मिटे, भविष्य हमें बुला रहा है, हमें कहां जाना है और हमें क्या करना चाहिए जिससे हम आम आदमी, किसानों और श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता और अवसर दे सकें, हम निर्धनता मिटा सकें, एक समृद्ध लोकतांत्रिक प्रगतिशील देश बना सके। कोई भी देश तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके लोगों की सोच या कर्म संकीर्ण हो। उनके इस भाषण को इतिहास में "नियति से मिलन" नाम से उल्लेखित किया गया। 78 वर्षों की स्वतंत्रता की यात्रा में हमने बहुत कुछ प्राप्त किया है जो प्रत्येक भारतीय को गर्व करने योग्य है। अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो प्राप्त होना चाहिए था लेकिन नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने तक एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य संपूर्ण देशवासियों को दिया है जो हमें प्राप्त करना है। उस लक्ष्य को उन्होंने "विकसित भारत" के नाम से संबोधित किया है। अमृत काल की इस कालावधि में प्रत्येक भारतीय का एक ही लक्ष्य होना चाहिए "विकसित भारत"। भारत के लाखों-करोड़ों लोगों ने जब अपना संकल्प स्वतंत्रता प्राप्ति बनाया एवं उसकी प्राप्ति के लिए कठोर यातनाएं सही, तब लंबे संघर्ष के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। यह स्वाभिमान ही हमको आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकता है। आज भी 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प "विकसित भारत" बनना चाहिये। भारत एक प्राचीन देश है। हमारी संस्कृति सर्वकल्याणमयी एवं सर्वसमावेशी है। कोरोना काल में विश्व ने उसके दर्शन भी किए हैं। अपनी निष्ठा, समर्पण के कारण अभावयुक्त होने के बाद भी हमारे साथ स्वतंत्र हुए देशों ने आर्थिक क्षेत्र में हमसे अधिक प्रगति की है। हमारे लिए विचारणीय विषय है कि विशाल जनसमूह, प्रचुर भौतिक संसाधन एवं गौरवमय विरासत होने के बाद भी हम उतनी प्रगति नहीं कर पाए, आज भी गरीब की आंखों में आंसू हैं। आजीविका के लिए निर्धारित घंटों में हम वास्तव में कितने घंटे काम करते हैं, इसका विचार करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अनेक संबोधनों में स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए बढ़ते मोटापे पर चिंता व्यक्त की है। इससे बचने के लिए उन्होंने अपने भोजन में 10 फीसदी तेलीय पदार्थ कम करने का आग्रह भी किया है। आज अनेक सर्वेक्षण बच्चों सहित बड़ी संख्या में गंभीर रोगों के ग्रसित होने का आकलन कर रहे हैं। हम दैनिक व्यायाम, पाचनयुक्त भोजन एवं व्यवस्थित दिनचर्या से इसमें परिवर्तन ला सकते हैं। दुनिया के अनेक देश अपने देश की गिरती अर्थव्यवस्था से चिंतित हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर लगने वाला मनमाना टैरिफ इसका उदाहरण है। हम आर्थिक साम्राज्यवादी शक्तियों से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाकर उन पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है। प्रत्येक भाषा का अपना एक भाव जगत है। भारत की प्रत्येक भाषा परस्पर आबद्ध है। उसमें प्रयोग होने वाले मुहावरे, लोकोक्ति एवं कहावतें भी सामान भाव से युक्त है। उच्चारण भिन्न होने के बाद भी भाव एक ही रहता है। गुरुवर रविन्द्र नाथ टैगोर ने कहां था कि "भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं, यह राष्ट्र की चेतना एवं संस्कृति का संवाहक है। उपभोगवादी जीवन शैली के कारण आज हमने पर्यावरण के सम्मुख संकट खड़ा किया है। इसके कारण अन्न, जल, वायु जिस पर हमारा जीवन निर्भर है सभी विषयुक्त बना है। इसी कारण महात्मा गांधी ने कहा था कि "प्रकृति हमारी आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है, हमारे लालच की नहीं। हम सादगी युक्त जीवन शैली धारण करें। हमारे देश की विशालता के कारण इसमें विविधताओं का भंडार है। रंग-रूप, खान-पान, भाषा, लिंग, जाति, पूजा-पद्धति, ऊँच-नीच आदि में यह विविधता प्रकट होती है। इसी विविधता को अज्ञानवश कुछ लोग विभेद के रूप में स्थापित करते हैं। हम सभी भारत मां की संतान होने के कारण से एक हैं। किसी भी देश का विकास केवल सरकारों से नहीं, उसके साथ खड़ी संस्कारयुक्त, कर्तव्यनिष्ठ, जागृत जनशक्ति के द्वारा होता है। हमें इस दायित्व बोध से युक्त समाज बनना है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश के विकास के लिए शत-प्रतिशत मतदान करके अपने कर्तव्य का निर्वाह करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण का पालन करते हुए हमसे यह अपेक्षा की है कि हम सभी भारतवासी "विकसित भारत" के संकल्प में सहायक बनें एवं स्वतंत्रता के इस शुभ अवसर पर इन संकल्पों को हम सभी अपने जीवन का अंग बनाएं।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

# अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## सटाका





## आज की पाती

### गाजर घास : एक पर्यावरणीय चुनौती

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। 1950 के दशक में पुणे और महाराष्ट्र में इसे सबसे पहले देखा गया। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है। इससे निपटने की कारगर विधि यह है कि इसे जड़ से उखाड़ कर नष्ट कर दिया जाए। – *राकेश मिश्रा, कांकेर*

आजादी पर्व
विशाल तिवारी



# विकसित राष्ट्र की ओर नया भारत

पंद्रह अगस्त 1947 का दिन न केवल भारत की आजादी के जश्न का दिन था, बल्कि देश के नये नेतृत्व के लिए उस समय करीब 34.5 करोड़ की आबादी के भविष्य को लेकर चिंता का दिन भी था। इतनी बड़ी आबादी को अन्न से लेकर रहने के लिए छत और रोजगार के अलावा उनके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बहुत बड़ी चुनौती सामने खड़ी थी। यह चुनौती इसलिए भी गहरी थी क्योंकि औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों ने मात्र अपनी आवश्यकताओं के हिसाब से संसाधनों को विकसित किया था, ना कि देश की आबादी की जरूरत को ध्यान में रखते हुए। आजादी मिलने के साथ ही सबसे बड़ी और पहली फिक्र यह थी कि इतनी बड़ी जनसंख्या का पेट कैसे भरा जाए। आंकड़ों के अनुसार, 1950-51 में देश में इतनी बड़ी आबादी के सापेक्ष महज 5 करोड़ टन अनाज की पैदावार थी और इतना अन्न लेकर लगभग 35 करोड़ जैसी विशाल आबादी का पेट भरना लगभग नामुमकिन था। हालांकि, यह समस्या थोड़ी लंबी खिंची और करीब 1962 आते-आते देश में हालात यह हो गए कि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश की जनता से एक वक्त उपवास रखने की अपील तक कर डाली। ऐसे में देश में हरित क्रांति ने अन्न के अधिक से अधिक उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन थे। उन्होंने 1967-68 और 1977-78 के बीच हरित क्रांति की ऐसी लहर चलाई कि जहां देश में एक वक्त अनाज की कमी थी, वहीं देश विश्व के सबसे ज्यादा अनाज उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया। अनाज के बाद दूध के क्षेत्र में ऑपरेशन फ्लड यानी श्वेत क्रांति की शुरुआत हुई। श्वेत क्रांति ने भारत को विश्व में इस क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा दिया। बता दें कि डॉक्टर वर्गीज कुरियन ऑपरेशन फ्लड के मुख्य सूत्रधार थे। इस क्रांति का महत्व इसलिए भी खास है क्योंकि शारीरिक पोषण के लिए दूध को एक आवश्यक तत्व माना जाता है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है। देशवासियों का पेट भरने के अलावा दूसरी बड़ी चिंता देश की सुरक्षा की थी। 1962 में चीन से हार के बाद स्थिति साफ हो गई कि भारत के पास आधुनिक हथियारों की कमी है। इसके लिए व्यापक कदम उठाए गए। आज सेना के पास राफेल, सुखोई, तेजस जैसे लड़ाकू विमान हैं तो अर्जुन, भीष्म टैंक और अग्नि जैसी मिसाइलें भी हैं। नौसेना में आईएनएस अरिहंत, आईएनएस करंज जैसी पनडुब्बियों के बल पर भारत समुद्र में एक मजबूत खिलाड़ी बन चुका है। 18 मई, 1974 को राजस्थान के पोखरण में पहला विस्फोट करके भारत ने दुनिया को यह बता दिया कि वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहने वाला। तमाम प्रतिबंधों के बाद भारत ने साल 1998 में दोबारा परीक्षण किया और इसके बाद देश आगे ही बढ़ता गया। आजादी के बाद भारतीय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इसमें व्यापक बदलाव किए गए। 1953 में जहां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी की स्थापना की गई वहीं आईआईटी और एम्स जैसे बड़े संस्थानों की शुरुआत भी की गई। शिक्षा के प्रारंभिक स्तर को ध्यान में रखते हुए प्राइमरी शिक्षा में सुधार के लिए कई ठोस कदम उठाए गए। 1949 में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग और 1952 में माध्यमिक शिक्षा आयोग का गठन किया गया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए 1968 में पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी श्रीगणेश किया गया। 1950 में जहां उच्च शिक्षा के लिए महज 578 कॉलेज थे, वहीं आज 42343 कॉलेज हो चुके हैं। 27 से बढ़कर आज 1043 विश्वविद्यालय देश में काम कर रही हैं। कोरोना काल में हमने दिखा दिया कि भारत दुनिया के बाकी देशों से कैसे अलग है। यही कारण है कि भारत का स्वास्थ्य पर्यटन हर साल तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्तर के गुणवत्तायुक्त उपचार के साथ ही यह अन्य देशों की अपेक्षा काफी सस्ता भी है। कोरोना के समय ही भारत की वैक्सीन और पीपीई किटों की मांग विदेशों में खूब रही। फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर में भारत अब एक प्रमुख उत्पादक देश बन चुका है। न केवल नए अनुसंधान किए जा रहे हैं बल्कि, दवाओं का निर्यात भी किया जा रहा है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि 21वीं सदी का भारत नया भारत है, जो यह जानता है कि दुनिया के बाकी देशों में उसकी अहमियत अब कितनी है। भारत अब विकासशील देश से विकसित देश बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ट्रेंड

### स्थिति पर कड़ी नज़र

मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। बचाव और राहत कार्य जारी हैं। ज़रूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### श्रद्धांजलि अर्पित

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की दुर्भाग्यपूर्ण आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को मैं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस हादसे में प्रभावित सभी परिवारों और व्यक्तियों की कुशलता एवं सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**



### शिक्षा से ही सशक्तीकरण

शिक्षा ही सशक्तीकरण की नींव बनती है और प्रगतिशील परिवर्तन और विकास की भी। शिक्षा सकारात्मकता को जन्म देती है जिससे सहृदयता और सौहार्द विकसित होता है। शिक्षा के विरोधी स्कूल बंद करके सामाजिक समन्वय का मार्ग अवरुद्ध करते हैं।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



### चुनौतियों का सामना

नायक/नायिका की ताकत हमेशा इस बात से तय होती है कि खलनायक कितना शक्तिशाली है। जीवन में भी आपकी उपलब्धियाँ इस बात से तय होती हैं कि आप कितनी बड़ी चुनौतियों का सामना करते हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 15 अगस्त


# किश्तवाड़ में बादल फटा, अब तक 38 लोगों की मौत, करीब 200 से ज्यादा लोग लापता



## फिर... आसमान से बरसी 'आफत'

- चशोटी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे, बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी
- 65 लोगों को बचाया गया मचैल माता यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है
- एनडीआरएफ की दो टीमें एसडीआरएफ, सेना और पुलिस के जवानों के साथ मौके पर जुटीं

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़ (जम्मू)

जम्मू के किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 38 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें दो सीआईएसएफ जवान भी शामिल हैं। अब तक 65 लोगों को बचाया गया है। करीब 200 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें 37 से ज्यादा गंभीर हैं। हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पद्दर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं।

**इससे पहले धराली में बादल फटा था और पूरा गांव का गांव गायब हो गया था, इस हादसे में 12 की मौत हुई थी, अब तक 50 से ज्यादा लापता हैं**



### पहाड़ी इलाका, टूटी सड़कें और तेज पानी का बहाव बड़ी चुनौती

एक वीडियो में साफ दिखता है कि किस तरह पहाड़ से उमड़ता पानी तेज बहाव में गांव को अपनी चपेट में ले रहा है। बहाव इतना तेज कि घर, गाड़ियां, दुकानें, सब कुछ मलबे में दब गया। यह डर और हड़बड़ी का ऐसा मंजर था, जिसमें कई लोग अपनी जान बचाने के लिए भागते हुए नजर आए तो कई लोगों की चीखें सुनाई पड़ रही थीं। हादसे के बाद डिप्टी कमिश्नर पंकज कुमार शर्मा और एसएसपी किश्तवाड़ खुद मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू करवाया। एनडीआरएफ की दो टीमें, एसडीआरएफ, सेना और पुलिस के जवानों के साथ मौके पर जुटी हैं। लेकिन लगातार गिरता मलबा और तेज धारा बचाव कार्य में बड़ी चुनौती बना हुआ है। मचैल माता यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है। गांव में मलबा हटाने, लापता लोगों को खोजने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। पहाड़ी इलाका, टूटी सड़कें और तेज पानी का बहाव इस मिशन को बेहद मुश्किल बना रहा है।

### हेल्पलाइन नंबर

- 9858223125, 6006701934, 9797504078, 8492886895, 8493801381 और 7006463710
- जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 01995259555, 9484217492
- पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9906154100

### बोले पीएम मोदी-हर संभव मदद करेंगे



हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं। उन्होंने बताया कि हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। राहत-बचाव कार्य जारी हैं, उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### स्वतंत्रता दिवस पर चाय पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद हुई जनहानि के बाद शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान होने वाली एट होम चाय पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

---

युद्ध के लिए उकसाने वाले बयान पर भारत की पाकिस्तान को खरी-खरी

# अपनी बयानबाजी पर संयम बरतें नहीं तो फिर दर्द झेल नहीं पाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं द्वारा भारत के खिलाफ की जा रही बयानबाजी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने इसे पाकिस्तान की विफलताओं से ध्यान भटकाने की रणनीति बताया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान को संयम बरतने की सलाह दी है और चेतावनी दी है कि किसी भी दुस्साहस के गंभीर परिणाम होंगे। भारत ने दो टूक कहा कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया जाता है, तो उसे दर्दनाक परिणाम झेलने होंगे। बता दें कि पिछले कुछ समय में पाकिस्तान की ओर से की गई टिप्पणियों को भारतीय विदेश मंत्रालय ने विफलताओं से ध्यान भटकाने की जानी-पहचानी कार्यप्रणाली का हिस्सा बताया।गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध जारी लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियों के बारे में रिपोर्ट देखी हैं।

# राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए डेटा पर मांगा स्पष्टीकरण

प्रमोशन में आरक्षण का मामला | हाईकोर्ट ने कहा-जनसंख्या या कर्मचारियों की संख्या के आधार पर है चार्ट, करें स्पष्ट | 9 सितंबर को सुनवाई



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में गुरुवार को राज्य सरकार द्वारा प्रमोशन में आरक्षण संबंधी बनाए गए नियमों के खिलाफ दायर यचिकाओं पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सी.एस. वैद्यनाथन व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व महाधिवक्ता प्रशांत सिंह शासन का पक्ष रखेंगे। इसके लिए समय देने का आग्रह किया गया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर नियत की। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए तुलनात्मक चार्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि यह जनसंख्या के आधार पर है या कर्मचारियों की संख्या के आधार पर।


## आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें

**आर्थिक आज़ादी** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हजारों-लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity): पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

**शिक्षा की आज़ादी** 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

**चिकित्सा की आज़ादी** ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाक़ामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: **1800 296 1111**

श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: **8954666111, 8954666222** (प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

**वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी** सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन-जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरु स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रातः 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार पर देखें।




**डेन्टल केयर** देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।




**हेयर केयर** जड़ी-बूटियों की ताक़त से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।




**पर्सनल केयर** एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।




**फूड प्रोडक्ट्स** देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।




**हेल्थ केयर** पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।




**होम केयर** हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।

**चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा क्रियान्वयन**

# मप्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए रोड नेटवर्क का मास्टर प्लान होगा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार सभी संभागों व जिलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए प्रदेश में रोड नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार करने जा रही है। इसके तहत प्रथम चरण में वर्ष 2028 तक की कार्य योजना एवं द्वितीय चरण में विजन-2047 को दृष्टिगत रखते हुए कार्य योजना बनाई जा रही है।

इसमें विभिन्न चुनौतियों व पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इसे 15 अगस्त तक पूरी कर पहली बैठक 20 अगस्त को रखी गई है। दूसरी बैठक 30 अगस्त से पूर्व रखी जाएगी। सरकार ने तय किया है कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सड़कों के एकीकृत समग्र विकास की योजना के लिए मास्टर प्लान (रोड मैप) तैयार की जाए। इसमें प्रदेश में सड़क नेटवर्क को सुदृण करने के लिए राजधानी भोपाल, समस्त संभाग, समस्त जिले एवं समस्त तहसील को आवश्यकतानुसार 4 या 6-लेन, 2-लेन मय पेव्हड शोल्डर एवं फीडर सड़कों को कम से कम 2-लेन किया जाएगा।

## 15 अगस्त तक कार्य योजना होगी तैयार, 20 अगस्त को होगी पहली

**विस्तृत कार्य योजना इन बिंदुओं को समावेश कर बनाई जाएगी**



विद्यमान राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच), राज्य राजमार्ग (एसएच ) एवं मुख्य जिला मार्ग (एमडीआर) श्रेणी के मार्गों के मैप तैयार किया जाए। तैयार किए गए मैप पर एक्सप्रेस-वे, हाई-स्पीड कॉरिडोर, एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर, जो भारत सरकार की ओर से प्लान किए गए हैं, उन्हें अंकित किया जाए। प्रदेश से गुजरने वाले समस्त एक्सप्रेस-वे एवं राष्ट्रीय राजमार्गो से महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ने के लिए स्पर कनेक्टिविटी को चिन्हित करना होगा। जिला मुख्यालय, नगर निगम और नगर पालिकाओं के मुख्यालय को ट्रैफिक घर्नत्व एवं जनसंख्या के आधार पर रिंग रोड एवं एवं बायपास के निर्माण के लिए चिन्हित करना होगा।

## नक्सलियों के लगाए आईईडी ब्लास्ट में जवान हुआ घायल

बीजापुर। जिले के भैरमगढ़ से निकली डीआरजी पार्टी वापसी के दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट का शिकार हो गई। अभियान के दौरान सब इंस्पेक्टर का पैर पड़ते ही ब्लास्ट हो गया। घटना के बाद साथ चल रहे जवानों ने प्राथमिक उपचार के लिए बीजापुर ले गए, जहां से बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर की मदद से मेकाज लाया गया। जहां एसआई की आंख में भी कुछ बारूद के कण जाने की बात बताई। घायल जवान को देखने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया जा सकता है। बता दें कि 11 अगस्त को नक्सलियों की सूचना पर डीआरजी की टीम भैरमगढ़ से सोनकल के लिए निकली थी, जहां जवान 47 किमी का सफर तय करने के बाद वापस आ रहे थे। जैसे ही डीआरजी जवान गोटपाल में खेत के पास आए। सामने चल रहे तीन जवानों के निकलने के बाद चौथे नंबर में चल रहे सब इंस्पेक्टर प्रकाश चट्टी 43 वर्ष का पैर आईईडी पर पड़ गया।


# कार्यालय नगर पालिका निगम देवास (म.प्र.)

क्रमांक 125/विद्युत/2025 देवास, दिनांक 06/08/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_442738_1 06/08/2025 | देवास शहर के वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 45 में लगे विद्युत पोलों का सर्वे कर नंबरिंग किये जाने के संबंध में। | 1. 02 माह 2. 15,00,000.00 | 1. 2,000/- 2. 45,000/- | 27/08/2025 06.00 PM |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
देवास म.प्र.



# कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**संशोधित समय सारणी**

**लेटरल एण्ट्री (बी.फार्मेसी) पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)**

| प्रथम चरण | |
|---|---|
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त** | 20.08.2025 से 02.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)** (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 03.10.2025 से 04.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना** (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 01.09.2025 से 06.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता** | 07.10.2025 |
| **आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति** (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 11.10.2025 से 16.10.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 17.10.2025 से 22.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 23.10.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 24.10.2025 से 26.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 27.10.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 28.10.2025 से 30.10.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 30.10.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
म.प्र. माध्यम/121581/2025 **तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**


## छत्तीसगढ़ की 'दीदी' को दिल्ली में अतिथि सत्कार का निमंत्रण मिला

**बालोद।** जिले के ग्राम गब्दी में रहने वाली खिलेश्वरी ने अपनी मेहनत और लगन से आत्मनिर्भरता की ओर बेहतरीन कदम बढ़ाते हुए अन्य महिलाओं को प्रेरित किया है। अब उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली में 'अतिथि सत्कार' का विशेष निमंत्रण प्राप्त हुआ है, जिसके लिए वह बालोद से रवाना हो चुकी हैं। दरअसल, खिलेश्वरी ने अपने मेहनत और सरकार की लखपति दीदी योजना से जुड़कर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है, बल्कि अब वह नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने वाली है। लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली खिलेश्वरी की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे बालोद जिले के लिए गर्व का विषय है। नई दिल्ली में 15 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में खिलेश्वरी का विशेष अतिथि के रूप में शामिल होना एक ऐतिहासिक क्षण है। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत के तहत गठित जय संतोषी स्व-सहायता समूह की सदस्य है जिनका परिवार कुछ समय पूर्व मुख्यतः कृषि मजदूरी पर निर्भर था किन्तु खिलेश्वरी देवांगन की परिवार को आगे बढ़ाने की ललक ने उन्हें एक नया मुकाम दिया है।


**VEHICLE AVAILABLE for SALE**
3 wheeler Piaggio ape xtra ldx classic Model 2023
MP-20-ZG-1192
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590
TIMES



**पश्चिम मध्य रेल**
**जबलपुर मंडल-वाणिज्य विभाग**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **Category**-NFR E-Auction, **Tender Notice No. & Date**-JBP-C-170-PARK/STA-EAST-25-12.08.2025, **Assets Details**- सतना ईस्ट साइड स्टेशन पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड हेतु 45 दिनों के कोटेशन हेतु आमंत्रित किये गए है। **Tender End time**-18-08-25 15:30:00 संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखे। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
**सहायक वाणिज्य प्रबंधक**
**जबलपुर/पमरे**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



# कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी

क्र./जल प्रदाय शाखा/2025/1124 इटारसी, दिनांक-14/8/2025

// ई - निविदा आमंत्रण सूचना //


निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट **https:\\www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर पोर्टल क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम. डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_444642_1 | वार्ड क्र. 19 में सुधीर गौर के मकान से विशाल पुरी के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य । | 01,70,738/- | 2000/- 1708/- | 29.08.2025 17.30 |
| 2 | 2025_UAD_444648_1 | वार्ड क्र. 10 में पीपल मोहल्ले में टयूबबेल खनन निर्माण कार्य । | 2,33,461/- | 2000/- 2335/- | 29.08.2025 17.30 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट **https:\\www.mptenders.gov.in** पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, इटारसी





भारत सरकार
सभी देशवासियों को
79वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अगर आज दुनिया सोचती है कि भारत एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है, तो उसके पीछे 11 साल का एक शक्तिशाली लॉन्चपैड है।
- नरेन्द्र मोदी
CBC 46101/13/0016/2526
लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सुबह 6:30 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर।


रानी लक्ष्मीबाई
चन्द्रशेखर आज़ाद
वीर सुरेन्द्र साए
भीमा नायक
शंकर शाह
रघुनाथ शाह
बरकतउल्ला भोपाली
रानी अवंतीबाई
टंट्या भील
तात्या टोपे
राणा बख्तावर सिंह
सीताराम कँवर
रघुनाथ सिंह मण्डलोई
स्वाधीनता के अमर बलिदानियों को कोटि-कोटि नमन
स्वदेशी की शक्ति से
आत्मनिर्भरता को गति देता
मध्यप्रदेश
79वें स्वतंत्रता दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
D-11083/25
स्वदेशी अभियान के साथ औद्योगिक विकास
उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों से ₹32 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे 23 लाख से अधिक रोज़गार होंगे सृजित
कमज़ोर वर्ग का उत्थान
मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, संबल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों को मिल रही सहायता
युवाओं का सर्वांगीण विकास
शिक्षा, कौशल निर्माण के साथ युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन प्रारंभ, कौशल विकास और रोज़गार के अवसरों से जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान और आगामी 5 वर्षों में 2.5 लाख नौकरियां देने जैसे प्रयासों से युवा हो रहे सशक्त
आत्मनिर्भर होती महिलाएं
महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह ₹1250 एमएसएमई में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन, लखपति दीदी योजना और शासकीय सेवाओं में 35% तक महिला आरक्षण
खुशहाल और समृद्ध अन्नदाता
किसानों की आय में वृद्धि, जलवायु-अनुकूल खेती तथा फसल का उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन, कृषि संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कृषि उद्योग समागम का आयोजन, पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से आ रही है खुशहाली
प्रातः 9:00 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लाइव जुड़ें
“ स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है। यह अवसर हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और योगदान को स्मरण करने तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।
-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025



# हर लहर बोली वंदे मातरमः 350 तैराकों ने निभाई अखंड भारत की शपथ

## नर्मदा की लहरों पर लहराया तिरंगा : जिलहरी से तिलवारा तक नदी में निकाली अखंड भारत संकल्प यात्रा

**4 से 75 साल के तैराकों ने किया अद्भुत प्रदर्शन**

हरिभूमि, जबलपुर।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को मां नर्मदा का तट देशभक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर हो गया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित अखंड भारत संकल्प तिरंगा तैराकी यात्रा में 350 से अधिक तैराक और नौका सवारों ने हिस्सा लिया। गिलहरी घाट से तिलवारा घाट तक 10 किलोमीटर लंबी इस चुनौतीपूर्ण यात्रा ने शहरवासियों में राष्ट्रीय भावना जगाई। नर्मदा की तेज लहरों के बीच, बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजेश यादव, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, नर्मदा परिक्रमा के संचालक डॉ. सुधीर अग्रवाल और समाजसेवी अनुराग जैन गढ़वाल ने किया।

### 4 साल से 75 साल तक के तैराक

इस तैराकी यात्रा में सबसे कम उम्र की प्रतिभागी रही 4 वर्षीय प्रज्ञा भदौरिया (रिया मोथा), जिन्होंने अदम्य साहस के साथ पूरी दूरी तय की। वहीं सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी 75 वर्षीय डॉ. शर्मा रहे, जिन्होंने पूरे जोश और उत्साह के साथ यात्रा पूरी की। सभी प्रतिभागियों ने "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारों से माहौल गूंजा दिया। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस तैराकी यात्रा में सैकड़ों तैराकों ने अपनी क्षमता और देशभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। जिलहरी घाट से तिलवारा घाट पहुंचने पर महाकौशल क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, मानव कल्याण समिति और संजय तिवारी ने सभी का तिलक वंदन और माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### 20 साल से जारी परंपरा

आयोजक संजय यादव व संदीप तिवारी ने बताया कि यह अखंड भारत यात्रा पिछले 20 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य देश की एकता और अखंडता का संदेश देना और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
TATA INTRA V30 MP-20-ZG-1621 2023
MARUTI SUPER CARRY MP-20-LB-3935 2022
TATA ACE GOLD MP-20-LB-3159 2021
TATA INTRA V30 MP-20-GB-5817 2022
MARUTI ALTO K10 VXI+ MP-20-ZH-3568 2023
MARUTI SUPER CARRY MP-20-LB-4228 2022
HYUNDAI ELITE I 20 MP-49-C-3819 2014
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 8450803646





## स्वतंत्रता के रंग में रंगा योगः अभिस्तदा स्टूडियो में दिखा ऊर्जा, स्वास्थ्य और देशभक्ति का संगम

जबलपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अभिस्तदा – द योग स्टूडियो में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, मानसिक शांति और देशभक्ति का संदेश देना था। यह कार्यक्रम स्टूडियो की संचालिका योगिनी निधि सूरी तनेजा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योगिनी निधि ने न केवल शारीरिक व्यायामों पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि स्वतंत्रता, आत्म-संयम और स्वाभिमान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित योग साधकों में रानी छाबड़ा, बबली सलूजा, कृति कपूर, अनुराधा सिंह, भावना यादव, किमी पांडे, चरणप्रीत, रश्मि दीवान, रीना दीवान, यामिनी मिश्रा, कविता शर्मा, ज्योति पांडे, रंजन, शिवानी खुराना, शाइनी मुक्कर, गरिमा बजाज सहित कई अन्य योग प्रेमी शामिल रहे।




## अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर पुलिस का छापा

जबलपुर। मदनमहल थाना अतंर्गत लिंक रोड शराब दुकान के पास टपरे में घरेलू गैस सिलेंडर से अवैध रुप से गैस रिफलिंग कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गैस सिलेण्डर, तौल कांटा, रैग्युलेटर, कम्प्रेशर मशीन जप्त की है।

मदनमहल थाना प्रभारी श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लिंक रोड शराब दुकान के पास टपरे में घरेलू गैस सिलेंडर से आटो में गैस रिफलिंग कर रहे गंगानगर गढ़ा निवासी 19 वर्षीय विकास ठाकुर उर्फ अक्कू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एचपी कम्पनी का गैस सिलेण्डर, तौल कांटा, एक रेग्युलेटर मय पाईप, कम्प्रेशर मशीन जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

SHRI RAM GROUP, JABALPUR 24
Under Code 30 of RGPV, Bhopal (M.P.)
FACULTY RECRUITMENT
We invite applications for the posts of:
Professor | Associate Professor | Assistant Professor
Institutes : 1. Shri Ram Institute of Technology.
2. Shri Ram Institute of Science & Technology.
3. Shri Ram Group of Institutions.
Departments : • Computer Science & Engineering, • Electronics & Telecommunication Engg., • Mechanical Engineering, • Electrical Engineering, • Civil Engineering, • Basic Science & Humanities.
Eligibility : As per AICTE / RGPV norms.
Apply with resume & testimonials to:
Email : gd@sritgroup.net | Website : www.sritgroup.net
Last Date 22 August 2025
Director Shri Ram Group, Jabalpur
VENUE : SHRI RAM GROUP, JABALPUR
For Further Enquiry
Mob. 9755042292, 9755042293


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
With Best Compliments from
NARMADA GELATINES LIMITED
(An ISO-9001: 2000 Company) POST BOX No. 91, JABALPUR (M.P.)
Manufacturers of Edible / Pharmaceutical/ Photographic Gelatines, Industrial Gelatines, Di-Calcium Phosphate, EDCP & Bone Meal
Phone : (Factory) 2830433, 2830518, 2830517, FAX: 0761-2830516
Registered Office : Room No. 27-28, 15, Caravas, Civil Lines, Jabalpur
Branch Office: Mumbai, New Delhi, Chennai & Kolkata





*हाईकोर्ट ने पूछा*

### पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की भर्ती में ओबीसी को शैक्षणिक योग्यता में छूट का लाभ क्यों नहीं दिया

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से पूछा है कि विभिन्न पदों की भर्ती में अन्य आरक्षित वर्ग के समान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को शैक्षणिक योग्यता में छूट का लाभ क्यों नहीं दिया गया। कंपनी की ओर से गजट नोटिफिकेशन के आधार पर जारी विज्ञापन की शर्त को प्रस्तुत करने मोहलत मांगी गई। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने एक सप्ताह के भीतर शपथ पत्र पर जवाब पेश करने कहा। अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी। टीकमगढ़ निवासी सौरभ लोधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, हितेंद्र गोल्हानी और अभिलाषा सिंह लोधी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विभिन्न नियमित पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 24 जून 2025 को विज्ञापन जारी किया था। इसमें सहायक अभियंता के 42 पद, विधि अधिकारी का एक पद, कनिष्ठ अभियंता के 114 पद, कनिष्ठ अभियंता सिविल के 10 पद, लाइन परिचारक के 20 पद, उप केंद्र परिचारक के 158 पद तथा सर्वेयर परिचारक के 08 पद शामिल हैं। उक्त पदों पर भर्ती के लिए न्यूनतम अहर्ता स्नातक में 65 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। दलील दी गई कि एससी, एसटी एवं ईडब्ल्यूएस को शैक्षणिक योग्यता में 10 प्रतिशत की छूट दी गई है। जबकि ओबीसी के लिए अनारक्षित वर्ग के समान 65 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

हाईकोर्ट ने कहा-यदि भूखंड नहीं है तो क्यों न मौजूदा बाजार मूल्य से दिलाया जाए मुआवजा

# आईटी पार्क बरगी हिल्स में निवेशकों को भूखंड आवंटन तक आक्शन पर जारी रहेगी रोक

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के समक्ष गुरुवार, 14 अगस्त को मप्र राज्य इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड व शक्ति इंजीनियरिंग सहित अन्य के मामले मे सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस ने संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने उभयपक्षों को सुनने के बाद अपने अंतरिम आदेश में साफ कर दिया कि निवेशक शक्ति इंजीयिरिंग सहित अन्य को भूखंड आवंटन तक आक्शन प्रक्रिया पर रोक बरकार रहेगी। मप्र राज्य इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड के निवेदन पर सिर्फ इंदौर व भोपाल में आक्शन प्रक्रिया का प्रतिबंध हटाया जा रहा है किंतु जबलपुर के संदर्भ में यह प्रतिबंध लागू रहेगा।



सुनवाई के दौरान मप्र राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड पर मिलीभगत का आरोप भी लगा। कोर्ट ने सख्ती बरतते हुए कहा कि यदि मप्र राज्य इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड के पास निवेशकों को देने के लिए भूखंड मुहैया नहीं है, तो क्यों न मौजूदा बाजार मूल्य से मुआवजा का आदेश पारित कर दिया जाए।इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकार्ता शक्ति इंजीनियरिंग, जबलपुर के संचालक मनीष सिन्हा, टीवीएम कंसल्टेंसी, बनारसी इंडस्ट्र, एया परफेक्शन की ओर से अधिवक्ता अंशुमन सिंह, आकाश चौधरी, अनुज श्रीवास्तव ने पक्ष रखा था। उन्होंने दलील दी कि प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड ने नैसर्गिक न्याय सिद्घांत के अनुरूप सुनवाई नहीं की थी। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा।

### 12 अगस्त तक खसरा नंबर को लेकर विवाद की विस्तृत जानकारी पेश करें :

शक्ति इंजीयिरिंग सहित अन्य की ओर से अवगत कराया गया कि राजस्व ने अभी तक आपना जवाब पेश नहीं किया है। जबकि टीएनसीपी, रेवेन्यू सभी संबंधित विभाग खसरा नंबर 865/5, का सीमांकन करके 2015 में ही दे चुके है, जिसके आधार पर 70 से 80 नंबर, या आईटी पार्क फेज-वन और टू के भू-आवंटन हुए। आनलाइन टेंडर बेसिस पर, किसी एजुकेशन सोसायटी के प्रभाव के कारण अनावश्यक विलंब की प्रक्रिया चल रही है। हाई कोर्ट को यह भी अवगत कराया गया कि तहसीलदार गोरखपुर ने एक आदेश पारित कर यह स्पष्ट कर दिया है कि रेवेन्यू विभाग ने सिर्फ सीमांकन किया है, बाकी बटांकन तो मप्र राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड ने खुद किया है, जो की टीएनसीपी द्वारा स्वीकृत भी करवाए गए हैं।हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि यदि खसरा नंबर-865-5 को लेकर 2020 से कोई विवाद है, तो उसकी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत कर दी जाए। बहरहाल, जिस निजी शिक्षण संस्थान का मप्र राज्य इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड की ओर से नाम लिया गया है, उसे नोटिस जारी कर दिए गए हैं। हालांकि यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि यदि आज तक कोई पंजीकृत विवाद सामने नहीं आया है, तो क्यों न ये समझा जाए कि मप्र राज्य इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड ने खुद ही जानबूझकर निजी शिक्षण संस्थान को मध्यस्थ बना लिया है। यह एक तरह से मिलीभगत नहीं तो और क्या है।

### यदि कोई विवाद है तो अपने स्तर पर निराकृत करें

पूर्व में मामले की सुनवाई के दौरान शक्ति इंजीनियरिंग की ओर से अधिवक्ता अंशुमन सिंह ने दलील दी थी कि याचिकाकर्ता ने नियमानुसार भूखंड लीज के लिए राशि जमा की थी। इसलिए उन्हें भूखंड का भौतिक कब्जा दिलाया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा न करते हुए कुतर्क यह दिया जा रहा है कि किसी शैक्षणिक संस्थान को लीज आवंटन की भूमि का विवाद चल रहा है। यदि ऐस है कि विभाग अपने स्तर पर वह विवाद निरकृत करे और याचिकाकर्ताओं को उस भूखंड का भौतिक कब्जा दिलाए, जिसके एवज में राशि जमा की गई थी।

इसाफ बैंक डकैती

# संदिग्ध रईस की कटंगी में मिली अंतिम लोकेशन

## बिना नंबर की नई बाइक छोड़कर फरार हुए लुटेरे, पुलिस का दबिश अभियान तेज

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

खितौला के इसाफ बैंक में हुई 14 किलो 875 ग्राम सोना और 5 लाख 8 हजार 675 रुपये की बड़ी डकैती के मामले में जांच का फोकस अब संदिग्ध रईस पर आ गया है। पुलिस के अनुसार, वारदात के दिन से ही रईस गायब है। उसकी अंतिम लोकेशन कटंगी में मिली, जहां उसे एक अज्ञात व्यक्ति के साथ जाते देखा गया था। रईस का आपराधिक रिकॉर्ड और गिरोह से संपर्क की पुष्टि होने के बाद पुलिस मान रही है कि वह वारदात में शामिल हो सकता है।

### नई बाइक, नंबर प्लेट गायब

इंद्राना स्थित किराए के कमरे से पुलिस को एक नई, बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद हुई है, जिसे डकैती से कुछ समय पहले खरीदा गया था। पुलिस का अनुमान है कि आरोपित इस बाइक को बिना रजिस्ट्रेशन चलाकर पहचान छिपा रहे थे और वारदात के बाद इसे छोड़कर भाग गए, ताकि पीछा न किया जा सके।

### बंधक बनाकर लूटा बैंक

सोमवार सुबह पांच नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने बैंक मैनेजर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर स्ट्रांग रूम में रखा सोना और नकदी लूट ली थी। वारदात कुछ ही मिनटों में अंजाम देकर गिरोह फरार हो गया।

### पूछताछ और तलाश जारी

आरोपितों को किराए पर कमरा देने वाले जितेंद्र झारिया और सोनू बर्मन से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। रईस के दोस्तों, परिचितों और हालिया गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस की कई टीमें आसपास के जिलों में दबिश दे रही हैं, जबकि तकनीकी टीम मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि रईस और मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी अब केवल समय की बात है।




# प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता रखेंगे राज्य सरकार का पक्ष

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में गुरुवार को राज्य सरकार द्वारा प्रमोशन में आरक्षण संबंधी बनाए गए नियमों के खिलाफ दायर यचिकाओं पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सी.एस. वैद्यनाथन व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व महाधिवक्ता प्रशांत सिंह शासन का पक्ष रखेंगे। इसके लिए समय देने का आग्रह किया गया।चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 9 सितम्बर नियत की।

कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए तुलनात्मक चार्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि यह जनसंख्या के आधार पर है या कर्मचारियों की संख्या के आधार पर। कोर्ट ने सरकार को यह स्पष्ट करने को कहा है। भोपाल निवासी मध्य क्षेत्र विवि कंपनी के कर्मी समीर कुमार शर्मा व अन्य 17 की ओर से याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ताओं द्वारा 2025 के प्रमोशन में आरक्षण संबंधी नियमों को चुनौती दी गई है। उन्होंने तर्क दिया कि 2002 के नियमों को हाईकोर्ट द्वारा आर. बी. राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति का आदेश दिया है और याचिकाएं लंबित है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के पास प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए कोई क्वांटिफिएबल डाटा नहीं है । ना ही एम नागराज और जनरल सिंह के मामलों में दिए गए आदेशों का पालन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित रहने के बावजूद सरकार ने उक्त नए नियम बना दिए।




### चेयरमैन रेलवे बोर्ड, पमरे महाप्रबंधक और प्रिंसिपल जेडआरटीआई भुसावल को मोहलत

जबलपुर। केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने चेयरमैन रेलवे बोर्ड, पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक और प्रिंसिपल जेडआरटीआई भुसावल को पूर्व में दिए आदेश का पालन करने अंतिम मोहलत दी है। दरअसल, कैट के जस्टिस एके श्रीवास्तव एवं मलिका आर्य की युगलपीठ ने रेलवे को आदेश दिए थे कि याचिकाकर्ता की बहाली के अभ्यावेदन पर विचार कर अंतिम निर्णय पारित करें। आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर की गई थी। जबलपुर निवासी राजकुमार दुबे की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा एवं अंजना श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 1991 में रेलवे में आईओडब्लू के पद पर भर्ती हुआ था। बाद में उसे जेडआरटीआई सेंट्रल रेलवे भुसावल वाइस प्रिंसिपल बनाया गया।

### प्रदूषण बोर्ड ने जहरीले कचरे से निकली राख के विनष्टीकरण की जानकारी प्रस्तुत करने मांगी मोहलत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश राज्य प्रदूषण बोर्ड को यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे से निकली राख के विनष्टीकरण की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए । गुरूवार को सुनवाई के दौरान बोर्ड की ओर से मोहलत मांगी गई। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले पर अगली सुनवाई 17 सितम्बर को निर्धारित की ।गौरतलब है कि साल 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण की मांग करते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाईकोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रही थी। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान राज्य शासन की तरफ से पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनष्टीकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। एमपीपीसीबी से सीटीओ मिलने के बाद अलग लैंडफिल सेल में उसे नष्ट किया जाएगा। इस दौरान हाईकोर्ट में एक अन्य जनहित याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है। इसके अलावा रखा में मरकरी है,जिसे नष्ट करने की तकनीक सिर्फ जपान व जर्मनी के पास है। हाईकोर्ट ने इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद मूल मामले के साथ सुनवाई के आदेश दिये थे।







**Presiding Officer:** अंकिता त्रिपाठी

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत)

श्रीमति मीरा बाई....वादी Vs श्रीमान मध्यप्रदेश शासन....प्रतिवादी

Process Id-/2025 पेशी दिनांक :-03/09/2025

प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती मीरा बाई ने आपके विरूद्ध सिविल सूट । दावा वास्ते घोषणा हेतु मूल्यांकन 1500 रुपये। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 07 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा न्यायाधीश (श्रीमती अंकिता त्रिपाठी)
तैंतीसवें सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### भाजयुमो नेता मानव घनघोरिया की जमानत अर्जी निरस्त


जबलपुर। जिला अदालत ने प्राणघातक हमले के आरोपित भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता मानव घनघोरिया को जमानत देने से इनकार कर दिया।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन ज्योतिषी की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी ।राज्य की ओर से एजीपी सुशील सोनी ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि संचार नगर, दीनदयाल चौक निवासी गौरव बाजपेयी अपनी पत्नी के साथ घर के सामने दुकान पर बैठे थे। तभी आरोपित कार पर सवार होकर पांच छह साथियों के साथ आया। गौरव को फुटपाथ पर बुलाकर 20 हजार की मांग की। मांग पूरी न करने पर चाकू से हमला कर दिया। जान से खत्म करने की चेतावनी दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया। साथ ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।










मदन महल


घंटाघर


कलेक्ट्रेट



राजीव गांधी चौक

# तिरंगा रोशनी से नहाए ऐतिहासिक स्मारक

## शासकीय भवनों और चौराहों पर दिखी जगमगाहट

हरिभूमि जबलपुर।

राज्य शासन के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के सरकारी इमारतों और स्वतंत्रता की ऐतिहासिक स्मारकों पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई। यह सभी स्मारक तिरंगे की रोशनी में जगमगा रहे हैं। लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

राज्य शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर रोशनी करने के दिये गये निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय सहित शासन के विभिन्न कार्यालयों, कलेक्ट्रेट चौराहा, घण्टाघर, राजीव गांधी चौक एवं शास्त्री ब्रिज की रंगीन रोशनी से आकर्षक साज.सज्जा की गई।

**मदनमहल किला भी रहा रोशन**

*ऐतिहासिक धरोहरों और स्मारकों पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोशनी करने के निर्देशानुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा मदनमहल किले की आकर्षक साज सज्जा की गई है। मदनमहल किले को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के तीन रंगों से रोशन किया गया है। इसी प्रकार मप्र हाईकोर्ट भवन, पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय, मालवीय चौक, शहीद स्मारक, जबलपुर रेलवे मुख्यालय, विद्युत कंपनी मुख्यालय, नगर निगम, जेडीए, आदि में तिरंगा रोशनी की गई।*

# स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर निकाली "गर्व और गर्जना यात्रा"

**मिसाइलों और भारत के लड़ाकू विमानों के मॉडल्स रहे विशेष आकर्षण के केंद्र**

हरिभूमि जबलपुर।

आज़ादी की 78वीं वर्षगाँठ की पूर्व संध्या पर, जन संगठन "कोविद-21" के द्वारा गर्व और गर्जना यात्रा का आयोजन 14 अगस्त को किया गया, जिससे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली अतीत और वर्तमान की शक्ति को एक सूत्र में पिरोने का सन्देश दिया गया। "गर्व और गर्जना यात्रा" के नाम से आयोजित यह पदयात्रा शतक्रतु आश्रम, दमोहनाका, जबलपुर से सायं प्रारंभ हुई और दमोहनाका (परिवर्तित मार्ग) में शिवाजी के तैल चित्र के समक्ष समाप्त हुई।

### यात्रा का उद्देश्य- शौर्य, स्वदेशी और स्वराज्य

यह यात्रा भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दो महान धाराओं वीर सावरकर की अग्नि-ज्वाला और महात्मा गांधी के अहिंसक सत्याग्रह को एक मंच पर लाई। यात्रा में विदेशी टैरिफ नीतियों, विशेष रूप से अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध किया गया, जो भारत की आर्थिक संप्रभुता को चुनौती देता है। इसके साथ ही यह यात्रा सीमा पार भारत के सैन्य पराक्रम से लेकर भारत की अत्याधुनिक मिसाइल तकनीक हेतु वैज्ञानिकों के योगदान को नमन किया। मिसाइलों और भारत के लड़ाकू विमानों के मॉडल्स विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। मध्य यात्रा में, प्रतिभागियों ने हाथ में नमक लेकर 'टैरिफ विरोध' के नारे लगाए और गांधीजी के नमक सत्याग्रह की स्मृति को जीवंत किया। समापन पर विदेशी टैरिफ नीतियों के प्रतीकों जैसे आयातित उत्पादों के पैकेट और टैरिफ दस्तावेजों को अग्निकुंड में भस्म किया गया। यह कृत्य वीर सावरकर द्वारा 1905 में नासिक में अंग्रेजी वस्त्रों की होली जलाने की परंपरा का पुनर्जनम था।




### प्रतीकात्मकता और संदेश

इस यात्रा के तीन प्रमुख प्रतीक थे, प्रथम यह कि विदेशी टैरिफ के प्रतीकों को अग्निकुंड में जलाकर वीर सावरकर की क्रांतिकारी भावना का सम्मान और दूसरा नमक को मुट्ठी में लेकर गांधीजी के नमक सत्याग्रह से प्रेरित आर्थिक स्वावलंबन का संकल्प। तीसरा प्रतीक था मिसाइल मॉडल जो भारत की सैन्य शक्ति और वैज्ञानिक उपलब्धियों का प्रतीक होगा। नागरिकों ने संकल्प लिया कि जैसे सावरकर ने अंग्रेजी कपड़ों को आग दी, हम टैरिफ की जंजीरों को आग देंगे। जैसे गांधीजी ने नमक उठाकर ब्रिटिश आर्थिक शोषण को चुनौती दी, हम अंकल ट्रम्प के नई आर्थिक गुलामी के प्रयासों के खिलाफ रहेंगे।

### ऐतिहासिक प्रेरणा

यात्रा छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज्य दर्शन और सूरत की लूट से भी प्रेरित थी इसके साथ ही, यह 1905 में वीर सावरकर द्वारा नासिक में विदेशी वस्त्रों की होली और 1930 में गांधीजी के नमक सत्याग्रह से प्रेरित थी।

### समापन और प्रतिज्ञा

समापन समारोह में शिवाजी प्रतिमा के समक्ष 'जय भवानी, जय शिवाजी' का उद्घोष हुआ, जो सावरकर द्वारा 1905 में प्रयुक्त नारा था। इसके बाद, प्रतिभागियों ने 'टैरिफ विरोध प्रतिज्ञा' कर शपथ ली कि हम विदेशी टैरिफ की आर्थिक गुलामी स्वीकार नहीं करेंगे। हम स्वदेशी उद्योगों के रक्षक बनेंगे। यह प्रतिज्ञा पत्र भारत सरकार को भेजा जाएगा, ताकि यह आंदोलन एक राष्ट्रीय सत्याग्रह का रूप ले सके। कार्यक्रम में कोविद-21 के संयोजक असीम त्रिवेदी, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, शशांक शुक्ल, पंकज तिवारी, प्रशांत तिवारी, विनीत टेहेनगुनिया, सुरेश मालवीय, कैलाश दुबे, शुभम पाटकर, वैभव पाठक, बबलू जायसवाल, आशीष कुमार तिवारी, अक्षांश श्रीवास्तव, आनंद शुक्ला, शुभम मिश्रा, बंटी तिवारी, रोहिणी शर्मा, जयेश तिवारी, अरविन्द सिंह चौहान, विनीत दुबे, अशोक गोस्वामी, पप्पू कुशवाहा, विवेक चौबे आदि उपस्थित रहे।



**मझौली में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा**

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को किया याद

**मझौली।** भारतीय जनता पार्टी मझौली द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव और 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक अजय बिश्नोई ने किया। यह यात्रा रेस्टहाउस मझौली से आरंभ होकर देशभक्ति नारों के साथ नगर भ्रमण करती हुई भगवान विष्णु वाराह मंदिर में सम्पन्न हुई। देशभक्ति के नारों "भारत माता की जय", "देश के अमर शहीदों की जय" से माहौल गूंज उठा। स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विधायक अजय बिश्नोई के साथ अनेक गणमान्य कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से मुकेश सेन, विजय नेता, दिनेश चौरसिया, डॉ. सुभाष, दिनेश चौबे, भरत सिंह परिहार, प्रताप साहू, मनोरंजन राय, मो. शकील, गंगाराम कोष्टा, महेंद्र कोष्टा, रोहित साहू, प्रमोद जैन, जगदीश नेमा, सुनील गामा सोनकर, लाला सोनी आदि शामिल रहे।

**स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह होगा स्टेडियम में**

# आज जगह-जगह होगा ध्वजारोहण

**सिहोरा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह आज नगर में हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा तथा इस अवसर पर जगह जगह ध्वाजारोहण भी किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य आयोजन स्वर्गीय अरूणाभ घोष मेमोरियल स्टेडियम में प्रातः 9 बजे से रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद अध्यक्ष के मुख्यातिथ्य, संतोष बरकडे विधायक सिहोरा की अध्यक्षता एंव संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया है। जिसमें ध्वजारोहण के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कुलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जायेंगे। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर की समस्त शासकीय भवनों को आकर्षक विद्युत साज सज्जा के साथ सजाया गया है। इसी तरह भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत भी लोग अपने घर प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय ध्वज लगाकर देश के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को प्रदर्शित कर रहे हैं। 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर जनपद पंचायत सिहोरा में जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,नगर पालिका में अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,शा.श्याम सुन्दर अग्रवाल स्नाकोत्तर महा विद्यालय में प्रदेश कार्य समिति सदस्य एंव जनभागीदारी अध्यक्ष राजा मोर द्वारा ध्वाजारोहण किया जायेगा इसके अलावा तहसील कार्यालय, विधायक कार्यालय, वन परिक्षेत्र सिहोरा, उप पंजीयक कार्यालय, कृषि विभाग कार्यालय, पुलिस थाना सिहोरा, आजाद चौक, थाने के सामने जय स्तंभ के अलावा सिहोरा खितौला की समस्त शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं, कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।

## हर घर में गूंजे जयकारे, विधि-विधान से हुआ षष्ठी पूजन

**पाटन।** श्रीकृष्ण के बड़े भ्राता, यदुकुल शिरोमणि भगवान बलराम जी के जन्मोत्सव पर पाटन नगर में आध्यात्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। अवसर था बलराम षष्ठी का, जब नगर की महिलाओं ने पूरे श्रद्धा भाव से घर-घर में भगवान बलराम का पूजन किया। प्रत्येक घर में परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ षष्ठी व्रत रखा गया और पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। इस पावन दिन पर महिलाओं ने सौभाग्य की कामना करते हुए व्रत धारण किया और विधिपूर्वक पूजन कर पुण्य अर्जित किया। कई स्थानों पर सामूहिक पूजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर भक्ति-भाव से पूजा की और मंगल गीत गाए।

# सिहोरा नगर एवं ग्रामीण मंडल में निकली तिरंगा यात्रा



**सिहोरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा यात्रा विकसित भारत और समृद्ध भारत के लिए लोगों को जाग्रत करेगी हम सभी अपने घरों प्रतिष्ठान में तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय भावना का परिचय देकर देश को मजबूती प्रदान करें। उक्ताशय के विचार तिरंगा यात्रा में संतोष बरकडे विधायक ने विधानसभा के मंझगवा बस स्टेंड में यात्रा के समापन पर व्यक्त किए।इसके पहले तिरंगा यात्रा को ग्रामीण मंडल गोसलपुर के बरनू तिराहा से विधायक संतोष बरकडे,जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल,पूर्व विधायक दिलीप दुबे,जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,जिला महामंत्री राजेश दाहिया,जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज बघेल,तिरंगा यात्रा के जिला सह संयोजक अनुपम सराफ,भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल,मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, अनंत नौगरहिया,पवन गुप्ता,महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गर्ग,अंकित तिवारी आदि ने पुष्प वर्षा कर यात्रा को आगे रवाना किया। नगर मंडल के घाट सिमरिया से तिरंगा यात्रा विधायक,ग्रामीण जिलाध्यक्ष,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,पूर्व अध्यक्ष अंकित तिवारी,नीरज पांडे,पार्षद रीता शुक्ला, गौरादेवी विश्वकर्मा, सहित अनेक लोगो की उपस्थिति में प्रारम्भ हुई। बाबाताल,हरदौल मंदिर, झंडा बाजार,आजाद चौक,स्टेट बैंक तिराहा, पुराना बस स्टैंड,खितौला बाजार आदि स्थानों से होकर निकली यात्रा का नगर उपनगर के अनेक स्थानों पर बच्चों महिलाओं,युवतियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

## मां कृपा परिसर में घर का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर।** कठौंदा स्थित मां कृपा परिसर में 11 अगस्त की रात करीब 1 बजे चोरों ने घर का ताला तोड़कर कुछ नकदी व सोने-चांदी के जेवरात को पार कर दिया। पीड़ित सुरेश कुमार चौरसिया ने थाना माढ़ोताल में रिपार्ट दर्ज कराई है कि उसके घर में चोर मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे और अलमारी में रखे एक लाख रूपए नकद, मनचली सोने की (कुल वजन लगभग बीस ग्राम), एक जोड़ी झुमका दस ग्राम, एक करधन चांदी का, बिछिया चार जोड़ी, एक अंगूठी सोने की एक तोला, चार जोड़ी चांदी की पायल, दो गुल्लक बच्चों की पैसे जिसमें कुछ पैसे रखे हुए थे चोरी कर ले गये। 11 अगस्त की रात 1 बजे हम सभी घर में थे उसके बाद परिवार के सभी लोग ससुराल चले गए। ससुराल हमारे घर के नजदीक है। सुबह जब हम सभी घर वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी टूटी पड़ी थी, जिसमें सोने चांदी के गहने व नकदी रूपए रखे हुए थे वे सभी सामान गायब मिला।



# फर्जी नोटिस से स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव, कांग्रेस का हल्ला बोल

**भेड़ाघाट।** स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को भेजे गए धमकीभरे फर्जी नोटिस के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध जताया। कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के नेतृत्व में जब कांग्रेसजन बिजली कार्यालय पहुँचे तो कनिष्ठ अभियंता विपिन यादव नोटिस की वैधता पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। जांच में सामने आया कि नोटिस में विभागीय और थाना प्रभारी के नाम फर्जी तौर पर छापे गए थे। थाना प्रभारी की उपस्थिति में भी नोटिस को असत्य घोषित किया गया। कांग्रेस के दबाव में कनिष्ठ अभियंता ने नोटिस रद्द कर नया आदेश जारी किया और बिजली आपूर्ति बाधित न करने का निर्देश दिया। सौरभ शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की सहमति और विधिसम्मत प्रक्रिया से ही लगाए जाएं। कांग्रेस ने उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी भी फर्जी नोटिस पर जल्दबाज़ी में निर्णय न लें और शिकायत दर्ज कराएं। कांग्रेस ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। आज के कार्यक्रम में चतुर सिंह लोधी, धर्मेंद्र पुरी, किशोर दुबे, जगदीश दहिया, दिलीप राय, आशीष जैन, अनुज श्रीवास्तव, संदीप जैन, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।




**श्री योगेश पांडे-** सिहोरा, ब्राह्मण पुरा वार्ड नंबर 8 सिहोरा निवासी श्री योगेश पांडे का 58 साल की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अश्वनी पांडे के पुत्र, हृदयेश पांडे के छोटे भाई और सर्वेश पांडे के पिता थे।

**श्री दुर्गा प्रसाद महापात्रा-** लेखा नगर रिज रोड केंट निवासी श्री दुर्गा प्रसाद महापात्रा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चमन लाल सोनकर-** भरतीपुर शिव पार्वती मंदिर के पास निवासी श्री चमन लाल सोनकर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ताई बाई बेन्दे-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री शंकर राव बेन्दे की धर्मपत्नी श्रीमती ताई बाई बेन्दे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई पटवा-** घमापुर थाने के सामने कांचघर निवासी श्री पुरुषोत्तम पटवा की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई पटवा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष कुमार सिन्हा-** डिफेंस कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री संतोष कुमार सिन्हा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामेश्वर प्रसाद वर्मा-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद वर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव-** बेदी नगर मदनमहल निवासी श्री विजय कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चन्दा बाई बिरहा-** कटियाघाट मंडला रोड निवासी श्री बाबू लाल बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती चन्दा बाई बिरहा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला कोरी-** लठा पांडे का बगीचा गोराबाजार केंट निवासी श्री शिव प्रसाद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती शीला कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**रूद्र बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री करन बंशकार के अल्पायु पुत्र रूद्र बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शीतला प्रसाद त्रिपाठी-** बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री शीतला प्रसाद त्रिपाठी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश बैरागी-** छापर रामपुर निवासी श्री चन्नू बैरागी के पुत्र श्री ओम प्रकाश बैरागी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# आज मनाया जाएगा हर्षोल्लास से आजादी का जश्न

## मुख्य समारोह में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा करेंगे ध्वजारोहण

**जबलपुर। आजादी का राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिले भर में ध्वजारोहण के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आयोजन की गई है। हर तरफ आजादी का जश्न मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। यहां मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी जगदीश देवड़ा ध्वजा रोहण कर रस्मी परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे।**

मुख्य समारोह में महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला, सेंट नार्बट कन्या शाला, मांटेसरी प्राथमिक शाला के बच्चे-बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। पुलिस दल द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह स्थल पर आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजन स्थल के चप्पे-चप्पे की पुलिस ने तलाशी ली और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ग्राउंड के चारों ओर जाने वाले मार्ग सील कर दिये गये हैं। **नगर निगम**-स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम में आयोजित समारोह में महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू द्वारा नगर निगम कार्यालय प्रांगण में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। इस राष्ट्रीय पर्व पर नगर निगम के आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रातः 7.50 बजे निर्धारित गणवेश में उपस्थित रहने आदेशित किया है। **जबलपुर विकास प्राधिकरण**-जबलपुर विकास प्राधिकरण के कार्यालयों में प्रातः 9 बजे सीईओ दीपक कुमार वैद्य ध्वजारोहण करेंगे। प्राधिकरण के सीईओ ने सभी कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है। **जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय**-जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रगान के बाद प्रातः 9 बजे कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ध्वजारोहण करेंगे। कुलपति के उद्बोधन के उपरांत कृषिनगर प्राथमिक शाला के छात्रगण सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। **शहर कांग्रेस कमेटी**- शहर कांग्रेस कमेटी एवं सेवादल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सैनानी परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में सुबह 9.00 बजे तिलक भूमि तलैया में ध्वजारोहण होगा। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा द्वारा किया जायेगा। प्रातः 9.30 बजे त्रिमूर्ति कांग्रेस सम्मेलन के प्रतीक कमानिया गेट में ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके तत्पश्चात 9.45 बजे खादी ग्राम उद्योग बड़ा फुहारा में ध्वजारोहण किया जाएगा। **रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय**- रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में स्वाधीनता दिवस पर प्रातः 8 बजे प्रशासनिक भवन के सामने कुलगुरु डॉ. राजेश वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। राष्ट्रीय पर्व पर विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति की अपील की है। **शक्ति भवन में मनु करेंगे ध्वजा रोहण**- मध्यप्रदेश विद्युत परिवार के तत्वावधान में 15 अगस्त को 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर मुख्य अतिथि एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया शक्तिभवन परिसर में प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अभियंता



व कार्मिक उपस्थित रहेंगे। **पावर ट्रांसमिशन कंपनी**- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के सभी 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स मुख्यालय (टी.एल.एम.), 417 एकस्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों तथा प्रदेश के सभी कार्यालयों में ''ध्वजा रोहण'' किया जायेगा। एम.पी. ट्रांसको का मुख्य समारोह मुख्यालय जबलपुर स्थित स्काडा कंट्रोल सेंटर नयागांव के परिसर में सुबह 8.15 बजे प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ध्वजा रोहण करेंगे। **भाजपा संभागीय कार्यालय में ध्वजारोहण**- देश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के द्वारा भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। **पश्चिम मध्य रेल्वे**- स्वतंत्रता दिवस पर पमरे के महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपाध्याय सुबह 8 बजे रेल्वे स्टेडियम में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। **जनता दल ध्वजा रोहण करेगी**- मप्र के समस्त जिलों व तहसीलो में जनता दल यू द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित करने हेतु प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिये हैं। निर्देश में कहा गया कि आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनता दल यू के सभी जिला कमेटियां एवं प्रदेश पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर पर्व को उल्लासपूर्वक एवं गरिमामय ढंग से मनाएं। **समाजसेवी एवं बुजुर्गो का सम्मान**- मुस्लिम लीगल एड.एण्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा बड़ी ओमती चौक में प्रातः 10:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा इसके पश्चात समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों और बुजुर्गों का सम्मान कर मिष्ठान वितरण किया जाएगा। सोसायटी के मासूम खान ने बताया कि आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर सोसायटी द्वारा बड़ी ओमती चौक में प्रातः 10.30 बजे अध्यक्ष शबाब खान ध्वाजारोहण करेंगे इसके पश्चात समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों और बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। **किसान कार्यालय गोलबाजार**- गंगोत्री अपार्टमेंट, गोलबाजार स्थित भारत कृषक समाज के स्थानीय किसान कार्यालय में शुक्रवार सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अध्यक्ष केके अग्रवाल ने साथियों सहित उपस्थिती की अपील की है। **सकल जैन समाजः तिरंगा यात्रा, ध्वजारोहण व स्थान परिवर्तन** - 79वें स्वाधीनता दिवस पर आचार्यश्री समय सागरजी महाराज के ससंघ सानिध्य में प्रातः 7.30 बजे दया परिसर मदनमहल में ध्वजारोहण व देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर आचार्यश्री राष्ट्र के नाम संबोधन देंगे। कार्यक्रम में श्री गणेश प्रसाद वर्णी पाठशाला एवं प्रतिभा स्थली के बच्चों की विशेष सहभागिता रहेगी। इससे पहले सुबह 7 बजे तिरंगा यात्रा लाखा भवन से निकलकर लाखा भवन पहुंचेंगी।

## एपीएन की तिरंगा यात्रा वंदे भारत के उद्घोष के साथ निकाली गई

**जबलपुर**। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीट्यूट द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसे संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैंड दल की मधुर देश भक्ति धुन पर महारानी लक्ष्मी बाई एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में सुसज्जित विद्यालय के छात्र-छात्रायें आकर्षण का केन्द्र रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान वंदेमातरम, भारत माता की जय आदि जयघोष से सारा क्षेत्र देशभक्ति के माहौल में सराबोर हो गया। यात्रा का प्रारंभ ए.पी.एन. महाविद्यालय परिसर से किया गया जो सदर क्षेत्र के शहीद अब्दुल हमीद चौक, सदर मेन रोड से होते हुये विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुये विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई।



यात्रा में प्रमुख रूप से संस्था सह-प्रबंधक मयंक श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्राचार्य मुकेश चैरसिया, पार्षद अमरचंद बावरिया सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकायें एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई

# जीवन की असली ऊँचाई सपनों से मिलती है, नशे से नहीं : आरएस चंडोक

**जबलपुर**। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के निर्देशानुसार 13 अगस्त को "नशा मुक्ति अभियान" के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम यहाँ एक ऐसे उद्देश्य के लिए एकत्र हुए हैं जो शिक्षा, संस्कार और समाज सुधार तीनों से जुड़ा हुआ है। नशा मुक्ति अभियान केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि एक नैतिक आंदोलन है। नशा एक धीमा जहर है जो हमारी युवा शक्ति को खोखला कर रहा है, इसलिए, शिक्षण संस्थान केवल पढ़ाई का केंद्र न रहकर, जीवन मूल्यों के संवाहक भी बनें यही आज की आवश्यकता है। इसके उपरांत प्राचार्य द्वारा सभी उपस्थितजनों को नशा मुक्ति एवं स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, प्रकृति विश्वास, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. रत्नेश नामदेव सहित अन्य सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रोहित वर्मा द्वारा किया गया।





## हेन्डलूम एक्सपो का समापन 17 अगस्त को

**जबलपुर**। देश के विभिन्न प्रदेशों की अपनी-अपनी विशेषताएं है खासकर हैंडलूम सिल्क एवं कॉटन के क्षेत्र में। इन सभी प्रदेशों की आकर्षक तथा असली कॉटन व सिल्क साड़ीयां, ड्रेस मटेरीयल, सूट्स, कुर्ता, स्टोल्स,कुर्तीज आदि परंपरागत एवं आधुनिक उत्पादनों को लेकर 80 स्टॉल्सवाली सिल्क इंडिया यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक शहीद स्मारक ट्रस्ट मैदान, गोल बाजार, जबलपुर में 17 अगस्त तक रहेगी।

## संस्कृत सप्ताह के दौरान सम्मानित हुए बच्चे



**जबलपुर**। संस्कृत सप्ताह के दौरान छावनी परिषद के नवीन केन्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छावनी परिषद्के मुख्य अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय, कटनी की पूर्व प्राचार्या प्रो. इला घोष, छावनी परिषद् के स्वास्थ्य अधिकारी अभयजीत सिंह परिहार, स्कूल प्राचार्य विजय कुमार परोहा ने संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को संस्कृत सीखने और इसके महत्व को समझने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। सम्मान समारोह में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सीईओ राजीव कुमार द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जबलपुर रेल मंडल मे निकली गई तिरंगा रैली



**जबलपुर**। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गुरुवार सुबह मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा के निर्देशन में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण से हाईकोर्ट चौराहा होते हुए उमंग रेल सामुदायिक भवन तक एक तिरंगा रैली (पदयात्रा) का आयोजन किया गया है। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, स्काउट एवं गाइड के सदस्य, आरपीएफ के कर्मी तथा स्पोर्ट्स के सदस्यगण शामिल हुए। रैली को सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) शचि पति नंदन ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए देशभक्ति के नारों एवं गीतों के माध्यम से संदेश दिया गया ।



## मानव अधिकार एवं अपराध संगठन ने किया तिरंगा यात्रा का स्वागत

**जबलपुर**। सदर में गुरुवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें स्कूल तथा एनसीसी के बच्चे हज़ारों की संख्या में उपस्थित हुए और देश एकता का संदेश दिया। भारत माता का पूजन और बच्चों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत आयोजन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष जबलपुर), मयंक श्रीवास्तव, एड. भावना निगम, मानवेन्द्र सिंह, एड. आशीष त्रिपाठी, अजय वर्मा, अमरचंद बावरिया, डॉ. अभिषेक जैन सहित अन्य शामिल हुए।

## मालवीय चौक व्यापारी संघ करेगा ध्वजारोहण

**जबलपुर**। मालवीय चौक व्यापारी संगठन द्वारा मालवीय चौक पर प्रातः 10 बजे सभी व्यापारियों और नागरिकों के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। उपस्थिति की अपील अध्यक्ष राजेश रोहरा, सचिव सुशील अग्रवाल ने की है।

## नटखट नंदकिशोर यशोदानन्दन की शोभायात्रा कल

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सनातन धर्म महासभा का भव्य आयोजन



**जबलपुर।**

यशोदानंदन श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा की तैयारियां सभी मंदिरों में पूर्ण कर ली गई है। विभिन्न मंदिरों में संपन्न हुई बैठकों के अनुसार श्रीकृष्ण लीलाओं से संबंधित झांकियां बन चुकी हैं। उक्त झांकियां 16 अगस्त शनिवार को दोपहर 2 बजे मोटर स्टैंड से निकाली जाएगी। इस वर्ष भी वृन्दावन जैसे स्वरुप की झांकियों सहित यह आकर्षक शोभायात्रा डॉ स्वामी नरसिंहदास महाराज के सान्निध्य में प्रारंभ होगी। महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी ने जानकारी दी कि इस वर्ष मंदिरों द्वारा सजीव झांकियां का प्रदर्शन भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं पर केंद्रित होगा तथा कृष्ण की नीति किस प्रकार अनुकरणीय है, परिलक्षित करेगी। इस वर्ष लगभग 51 झांकियां शोभायात्रा में शामिल होंगी। शोभायात्रा का नेतृत्व नरसिंह दास करेंगे।

### इन मंदिरों का योगदान

श्रीकृष्ण मंदिर गोरखपुर से 11 झांकियां, श्रीकृष्ण मंदिर छोटी ओमती से 5 झांकियां, यादव समाज से 6 झांकियां, श्री जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक से 7 झांकियां, श्री झूलेलाल मंदिर भरतीपुर से 2 झांकियां, श्री राम मंदिर मदन महल से 3 झांकियां, श्री गोपाल लाल जी मंदिर हनुमानताल से 6 झांकिया, श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल, श्री जयकृष्णी सभा बाई का बगीचा से 3 झांकियां,के अलावा श्री गीताधाम नरसिंह मंदिर से बटुक ब्राम्हण श्री श्याम महिला मंडल की संकीर्तन मंडली, गढ़ा रामलीला समिति, गोविंदगंज रामलीला समिति, विश्वकर्मा समाज, कल्याणिका परिवार, समंवय परिवार, राम अवेयरनेस मूवमेंट, बनवासी चेतना आश्रम, महेश्वरी मंडल, गायत्री परिवार, बल्लभचार्य सेवा मंडल आदि अनेक धार्मिक, सामाजिक संस्थाएं इस शोभायात्रा में शामिल होंगी।



# सीजन की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स सेल, रिलायंस डिजिटल की 'डिजिटल इंडिया सेल'

**मुंबई।** भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल, अपनी लंबे समय से इंतज़ार की जा रही 'डिजिटल इंडिया सेल' के साथ वापस आ गया है, यह सेल 17 अगस्त 2025 तक चलेगी. सेल के दौरान, ग्राहक 25 फीसदी तक सेविंग्स (इसमें एसबीआई बैंक कार्ड्स पर 15 हजार तक 10 फीसदी इंस्टंट डिस्काउंट और गिफ्ट वाउचर्स में 15फीसदी शामिल है) का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक इस सेल में आकर्षक पेपर फाइनान्स ऑप्शंस, जिसमें 1 फ्री ईएमआई भी शामिल है और चुनिंदा एक्सेसरीज पर यूपीआई से पेमेंट करने पर अतिरिक्त 5 फीसदी अनलिमिटेड डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकते हैं। डिजिटल इंडिया सेल ग्राहकों के लिए सभी रिलायंस डिजिटल, माय जियो, जियो मार्ट डिजिटल स्टोर्स और ऑनलाइन www.reliancedigital.in पर उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेस की विशाल रेंज पर बेजोड़ डील्स के साथ रिलायंस डिजिटल इस स्वतंत्रता दिवस दे रहा है एक बेहतरीन मौका जब आप अपनी उस फेवरेट टेक्नोलॉजी को घर ले जाएंगे, जिसका आप बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। टीवी- पाइए 140 सीएम (55) यूएचडी गूगल टीवी मात्र 24,990 रुपए में और 108 सीएम (43) एफएचडी टीवी मात्र 12,990 रुपए में। एप्पल प्रोडक्ट्स- एप्पल आईफोन 13, 39,900 से शुरू और एप्पल इंटेलिजेंस वालों के लिए डिजाइन किया गया एप्पल मैकबुक एयए 49,999 रुपए से शुरू है।

वॉशिंग मशीन - स्मार्ट एआई ऑल-इन-वन वॉशर ड्रायर 49,990 रुपए से शुरू है और पाइए 8990 रुपए कीमत तक फ्री उपहार।

पर्सनल इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़- पर्सनल ऑडियो, स्मार्ट वॉच, टेलीकॉम और आईटी एक्सेसरीज़ के लिए यूपीआई से पेमेंट करने पर, पाइए अनलिमिटेड 5 फीसदी छूट।रेफ्रिजरेटर्स और एसी- कोई भी साइड बाय साइड या डबल डोर रेफ्रिजरेटर और पाइए 8,990 रुपए तक के निश्चित उपहार फ्री। 1.5 टन 3 स्टार एसी, मात्र 19,990 से शुरू है।



## आरआर केबल घरों को देगी पावर

**जबलपुर।** वायर व केबल बनाने वाली कंपनी आरआर काबेल ने वायरों की एक नई रेंज लॉन्च की है। आज के दौर में खासकर जब तापमान बढ़ रहा है और बिजली की खपत भी ऐसे में ये वायरें बदलते वक्त की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई हैं। इस नई सीरीज में फायरेक्स एलएसओएच-ईबीएक्सएल प्रोडक्ट शामिल हैं जो सुरक्षा, परफॉर्मेंस और पर्यावरण की रक्षा- तीनों में बेहतर हैं। लॉन्च के इस मौके पर आरआर काबेल के कार्यकारीनिदेशक राजेश काबरा ने कहा, "जब घर स्मार्ट हो रहे हैं और तापमान बढ़ रहा है, तो वायरों को भी बदलना होगा। आने वाले समय की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह तैयार किया गया है।

# स्मार्ट बाजार की फुल पैसा वसूल सेल, स्मार्ट बाजार के स्मार्ट परिवार का एवरीथिंग होम के लिए महा उत्सव!




**जबलपुर।** इंतजार हुआ खत्म स्मार्ट बाजार की फुल पैसा वसूल सेल 13 अगस्त से 17 अगस्त तक शुरू हो चुकी है। सेल लेकर आ रही है बचत, स्टाइल और स्मार्ट चॉइस का मेगा सेलिब्रेशन।

इस साल स्मार्ट बाजार के स्मार्ट परिवार की गूंज के साथ, स्मार्ट बाजार बना है आपका वन-स्टॉप डेस्टिनेशन – किचन की ज़रूरतों से लेकर त्योहारों की मिठास तक, वार्डरोब अपग्रेड से लेकर होम डेकोर तक, सब कुछ एक ही जगह।

तैयार हो जाइए धमाकेदार ऑफर्स के लिए:5 किलो चावल और 3 लीटर तेल सिर्फ 799 में,कोल्ड ड्रिंक – 3 खरीदो 1 मुफ्त पाओ,बिस्किट – 1 खरीदो 1 मुफ्त पाओ,डिटर्जेंट – 40% की छूट,और भी ढेरों ऑफर्स – ग्रॉसरी, होम एसेंशियल्स, कपड़े और बहुत कुछ पर।530+ शहरों में 900+ स्टोर्स के साथ, स्मार्ट बाजार आमंत्रित करता है हर स्मार्ट परिवार को – ज़्यादा खरीदें, ज़्यादा बचाएं और सब कुछ घर ले जाएं जो आपको पसंद है, वो भी एक ही जगह पर और ऐसी क़ीमतों में जो हर खरीद को बना दें स्मार्ट।

तो 13 से 17 अगस्त तक इस उत्सव में शामिल हों, अपने कार्ट भरें, और हर दिन को बनाएं फुल पैसा वसूल – स्मार्ट बाजार के स्मार्ट परिवार के साथ।

## खबर संक्षेप

### इंडियन ऑयल का लाभ दोगुना होकर हुआ 5689 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 5,688.60 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। विपणन मार्जिन बेहतर होने से कंपनी के लाभ में बढ़ोतरी हुई है। समान तिमाही में इंडियन ऑयल ने 2,643.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### हिंदुस्तान कॉपर का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान कॉपर का अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 134.28 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में मुनाफा 113.40 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 526.65 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 500.44 करोड़ रुपये थी। कुल व्यय सालाना आधार पर 346.32 करोड़ रुपये से बढ़कर 347.29 करोड़ रुपये हो गया।

## उद्योग मंत्रालय ने जारी किए थोक महंगाई पर आंकड़े

# थोक मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर शून्य से 0.58 प्रतिशत नीचे, दो साल का निचला स्तर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के बीच थोक मुद्रास्फीति जुलाई में दो साल के निचले स्तर शून्य से नीचे 0.58 प्रतिशत पर आ गई है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के यह जानकारी मिली। विशेषज्ञों ने हालांकि अनुमान लगाया है कि अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ सकती है क्योंकि आधार प्रभाव कम हो जाएगा और मौसमी मूल्य वृद्धि जारी रहेगी। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जून में शून्य से नीचे 0.13 प्रतिशत और जुलाई, 2024 में 2.10 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, " मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में कमी के कारण थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है।

### सब्जियों के दाम में भारी गिरावट देखी गई

*थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में जुलाई में 6.29 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि जून में इनमें 3.75 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट देखी गई। जुलाई में इनकी कीमतों में 28.96 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि जून में यह 22.65 प्रतिशत घटी थी।*



### शुल्क संबंधी तनाव से जिंस की कीमतों पर दबाव

बधान ने कहा, " हालांकि, शुल्क संबंधी नए तनावों के कारण जिंस की कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका है क्योंकि वैश्विक वृद्धि की संभावनाएं कमजोर पड़ रही हैं। हालांकि, हमारा अनुमान है कि आने वाले महीनों में थोक मुद्रास्फीति नियंत्रित रहेगी।"उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा, " खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी और दक्षिण-पश्चिम मानसून में अनुकूल प्रगति से कृषि गतिविधियों को भविष्य में बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक वृद्धि को बल मिलेगा। "

- **खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में आई गिरावट**
- **अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ सकती है**
- **खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों**

*थोक महंगाई खाद्य व ऊर्जा की कीमतों में नरमी के कारण*

*बहुराष्ट्रीय बैंक एवं वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने 'शोध नोट' में कहा कि जुलाई में थोक मूल्य मुद्रास्फीति में गिरावट की मुख्य वजह खाद्य एवं ऊर्जा की कीमतों में नरमी रही। रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य क्षेत्र के कारण हुई है।*

### जल्द खराब होने वाली वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती है

अग्रवाल ने कहा कि हालांकि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में भारी बारिश के कारण जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं तथा इस पर नजर रखना भी महत्वपूर्ण होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने कहा कि रूसी तेल के आयातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों के संबंध में अनिश्चितता बनी हुई है तथा रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध विराम समझौते की स्थिति भी अनिश्चित है, इसलिए भविष्य में तेल की कीमतों में कुछ वृद्धि का दबाव देखने को मिल सकता है।

### विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति में वृद्धि रही

विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति जुलाई में बढ़कर 2.05 प्रतिशत रही, जबकि इससे पिछले महीने यह 1.97 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में जुलाई में यह 2.43 प्रतिशत रही जबकि जून में यह 2.65 प्रतिशत थी।खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर मौद्रिक रुख तय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था।



## स्वतंत्रता दिवस पर टाटा नमक की आयोडीन जागरूकता मुहिम

**जबलपुर।** पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है और ऐसे में 'देश का नमक' के नाम से प्रसिद्ध टाटा नमक, देश के हर कोने से जुड़ने के लिए अपने ऑडियो अभियान – 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' का विस्तार कर रहा है। टाटा नमक विशेष रूप से मानसिक विकास में आयोडीन की भूमिका पर संवाद को गांव-गांव तक पहुंचा कर अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे बढ़ा रहा है। देश का नमक अभियान डिजिटल और टेलीविज़न प्लेटफॉर्म पर पेश होने के बाद, अब प्रमुख परिवहन केंद्रों में ऑडियो एक्टिवेशन के ज़रिये ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है।इस अभियान में टाटा नमक का जाना-पहचाना जिंगल है, जिसे चार फिल्मों के ज़रिये नए सिरे से पेश किया गया है। यह अभियान सही मात्रा में आयोडीन सेवन के महत्व को उजागर करता है, जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास और फिर, देश की दीर्घकालिक प्रगति प्रभावित हो सकती है।

## दुर्लभ खनिज के मुद्दे पर चीन के साथ बातचीत शुरू

**नई दिल्ली।** भारत ने दुर्लभ खनिज के निर्यात पर चीन की तरफ से लगाई गई पाबंदियों पर चीनी अधिकारियों से बातचीत शुरू कर दी है और घरेलू कंपनियों को चीन की यात्रा के लिए वीजा भी जारी किए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।